

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 10 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-042 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### बीजापुर में सुरक्षाबलों-नक्सलियों में मुठभेड़

**दोनों ओर से ताबड़तोड़ गोलीबारी**

**जगदलपुर,10 मई.** बीजापुर में नक्सलियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़ जारी गंगालूर क्षेत्र के पीड़िया के जंगल में इन पंक्तियों के लिखे जाने तक सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी थी। एसपी बीजापुर जितेंद्र यादव ने बताया कि बड़े नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा, एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स और बस्तरिया बटालियन के करीब एक हजार से अधिक जवान को नक्सलरोधी अभियान पर भेजा गया था। जवानों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी जारी है। जवानों के लौटने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार, कल देर रात गश्त पर निकले जवानों की संयुक्त टीम की आज सुबह नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ की पुष्टि बीजापुर एसपी जीतेन्द्र यादव ने की है. उन्होंने बताया कि मुठभेड़ चल रही है.

### बच्चे को तैरना सिखा रहे पिता की डूबकर मौत

**बालोद,10 मई.** अपने बच्चे को एनीकट में तैरना सीखा रहे पिता की पैर फिसलने से पानी में डूबकर मौत हो गई. मृतक अपनी बहन के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचा था. घटना के बाद शादी वाले घर में मातम पसर गया है. घटना बालोद थाना अंतर्गत हीरापुर तांदुला नदी का है. सुभाष नगर, दुर्ग निवासी श्याम कुमार साहू (45 वर्ष) पिता गुरुदयाल साहू बालोद जिला के ग्राम हीरापुर में अपने दीदी के घर शादी में शामिल होने पहुंचा था. इस दौरान वह तांदुला नदी पर बने हीरापुर एनीकट में अपने बच्चे को तैराने ले गया था. इस दौरान उसका पैर फिसल गया और पानी के समा गया, जलकुंभियों में फंसने की वजह से उसकी मौत हो गई.

### कांग्रेस अमेठी, रायबरेली दोनों सीटों पर जीतेगीः वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम,10 मई** । एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल का कहना है कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में अमेठी और रायबरेली दोनों सीटों पर जीत हासिल करेगी।

उन्होंने शुक्रवार को कहा, मैं दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में गया हूं और प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक है। कांग्रेस पार्टी दोनों सीटों से जीतेगी। वेणुगोपाल ने कहा, अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे केएल शर्मा एक ऐसे व्यक्ति हैं जो इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों को अपनी हथेली के पिछले हिस्से की तरह जानते हैं, क्योंकि पिछले 35 वर्षों से वह वहां काम कर रहे हैं।

राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने का कारण उस निर्वाचन क्षेत्र से उनका गहरा भावनात्मक लगाव है। उचित समय पर, वह फैसला लेंगे कि कौन सी सीट रखें, वायनाड या रायबरेली।

उन्होंने कहा, हमने अतीत में पीएम मोदी मोदी, वाजपेयी, आडवाणी और इंदिरा गांधी जैसे नेताओं को एक से अधिक सीटों से चुनाव लड़ते देखा है। इसलिए, राहुल के दो सीटों से चुनाव लड़ने में कुछ भी गलत नहीं है।

### मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा, 3 की मौत

**रायगढ़,10 मई** । मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर एक सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। घायलों में चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।हादसा रायगढ़ जिले के खोपोली बोरघाट के पास मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी, वहीं टेंपो वैन से जा टकराया। इस वजह से यह भीषण हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे, जिससे वह अनियंत्रित होकर टेम्पो से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और हाईवे सेफ्टी पेट्रोलिंग पुलिस को हादसे की जानकारी दी गई।

## नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है : मोदी

**मुंबई, 10 मई.** पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा नकली शिवसेना वालों को गरीब से कितनी नफरत है, ये इन्होंने फिर बताया है। ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है - मोदी तेरी कब्र खुदेगी, दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। नकली एनसीपी' और 'नकली शिव सेना' ने कांग्रेस में विलय का फैसला किया है। मैं कहूंगा कि हमारा समर्थन करना और जीतना कांग्रेस का समर्थन करने और 4 जून के बाद हारने से बेहतर है। 13 मई को आपका वोट कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जवाब देगा। हमारा समर्थन करें, और महाराष्ट्र को विकास अपनाने में मदद करें। आज ये गरीब का बेटा, आपका सेवक बनकर प्रधानमंत्री के पद पर जब काम कर रहा है। तो ये गरीब विरोधी मानसिकता वाले, शाही परिवार की मानसिकता वाले, इसे बर्दाश्त नहीं



कर पा रहे हैं। प्रभु राम ने सिखाया है - अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥ कांग्रेस का एजेंडा कितना खतरनाक है, शहजादे के गुरु ने इसका भी खुलासा किया है। शहजादे के गुरु ने अमेरिका से कहा है कि राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ है। कांग्रेस के शहजादे के गुरु अमेरिका में रहते हैं, उन्होंने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। जिनका रंग भगवान कृष्ण जैसा होता है, कांग्रेस उन्हें अफ्रीकन मानती है। इसलिए द्रौपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति बनना उन्हें मंजूर ही नहीं था। आप सभी जानते हैं कि भाजपा और एनडीए ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया। लेकिन आपको याद रखना चाहिए कि वो कौन लोग थे, जिन्होंने आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति का चुनाव हराने के लिए रात-दिन एक कर दिए थे। ये कांग्रेस वाले थे, जिन्होंने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए रात-दिन एक कर दिए थे। अमेरिका में रहने वाले 'गुरुओं' में से एक शहजादा ने भारतीयों पर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और नस्लवादी टिप्पणी की है। भगवान कृष्ण के समान रंग वाले लोगों को कांग्रेस 'अफ्रीकी' मानती है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी द्रौपदी मुर्मू जी को देश के माननीय राष्ट्रपति के रूप में स्वीकार नहीं करना चाहती थी।



## हरि के द्वार खुले, चार धाम यात्रा शुरू

**नैनीताल,10 मई.** शिव भक्तों का इंतजार आखिर अब खत्म हो ही गया. शुक्रवार सुबह केदारनाथ धाम के कपाट खुल गए है और आज से ही भक्त भोले बाबा के दर्शन कर सकते हैं. इसके साथ ही आज से गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट भी खुल रहे हैं. गंगोत्री के कपाट सुबह 10 बजकर 29 मिनट पर खोले गए, जबकि यमुनोत्री से कपाट दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर भक्तों के दर्शन के लिए खुलेंगे. इसके अलावा बदरीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे से खुलेंगे. लेकिन इस बीच मौसम विभाग की ओर से उत्तराखंड के कई इलाकों में येलो अलर्ट भी जारी किया गया है. जिसके मुताबिक उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा में मौसम विभाग ने हल्की और मध्यम स्तर की बारिश की संभावना जताई जा रही है. जानकारी के अनुसार गुरुवार को ही भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली सुबह 8.30 बजे तीसरे पड़ाव गौरामाई मंदिर गौरीकुंड से श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान हुई थी. केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है. केदारनाथ भगवान के दर्शन के लिए देश- विदेश के सैकड़ों श्रद्धालु डोली यात्रा के साथ केदारनाथ पहुंचे है. गुरुवार शाम तक करीब पांच हजार श्रद्धालु धाम पहुंच गए हैं. इस मौके पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे. देश-विदेश के सैकड़ों श्रद्धालु भी डोली यात्रा के साथ केदारनाथ पहुंचे हैं. अभी तक पांच हजार लगभग श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच गए हैं.

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम भगवान शिव का पवित्र स्थल है. केदारनाथ सहित नर-नारायण-मूर्ति के दर्शन का फल समस्त पापों के नाश पूर्वक जीवन मुक्ति की प्राप्ति बताया गया है. हर साल यहां लाखों की संख्या में भक्त बाबा के दर्शन करने पहुंचते हैं. मंदिर में स्थापित शिवलिंग स्वयंभू है. यह वही स्थान है, जहां भगवान शिव का कूबड़ प्रकट हुआ था. केदारनाथ धाम की गणना भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंग और पंच केदार में भी की जाती है. साथ ही यह छोटा चार धाम में से एक है.

## ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की कमी से बच्चों की मौत को हाईकोर्ट ने माना गंभीर

**बिलासपुर,10 मई.** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की कमी के चलते बीते पांच साल में 40 हजार बच्चों की मौत को हाईकोर्ट ने गंभीर माना है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रजनी दुबे की डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि शासन की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकारी अस्पतालों में बेड और वेंटिलेटर की कमी चिंताजनक हैं. दरअसल, सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्था और सुविधाओं की कमी को लेकर खबर आई थी, जिसके मुताबिक पिछले पांच साल में शून्य से लेकर पांच साल की उम्र के 40



हजार बच्चों की मौत हुई है. इनमें 25 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत तो जन्म के महज एक माह के भीतर हो गई. इसी तरह मृत जन्म यानी स्टिल बर्थ की संख्या भी 24 हजार से ज्यादा है. ऐसे में प्रदेश में औसतन हर साल 8 हजार से ज्यादा शिशुओं की मौत हो रही है. खबर को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया, और मामले की जनहित याचिका के रूप में सुनवाई चल रही है. इस मामले की सुनवाई के दौरान शासन ने हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश की गई, कोर्ट ने कहा, इस रिपोर्ट के अनुसार अस्पतालों में ऑक्सीजन और बेड की कमी है जो जरूरत से आधी है. कोर्ट ने शासन की रिपोर्ट का न्यायिक अधिकारी से परीक्षण कराने के बाद पेश करने के लिए कहा है.

## भिलाई स्टील प्लांट में हादसा

**भिलाई,10 मई.** भिलाई स्टील प्लांट से बड़ी खबर आ रही है। हादसा हो गया है। इसकी चपेट में आने से एक मजदूर के पैर की हड्डी टूट गई है। मजदूर को मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मजदूर को सेक्टर 9 हॉस्पिटल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ब्लास्ट फर्नेस-3 के पीछे मेंटेनेंस के कार्य के दौरान फाउलर से चोट लगी, जिससे सेक्टर 4 निवासी 49 वर्षीय धनमोहन नायक के पैर में गहरी चोट लगी है। जानकारी मिलते ही श्रमिक यूनियन के नेता भी मौके पर पहुंच गए।बीएमएस के महासचिव चन्ना केशवलू के मुताबिक गंभीर हालत में जख्मी मजदूर को सेक्टर 9 हॉस्पिटल के बजाय शंकराचार्य हॉस्पिटल ठेका कंपनी के लोग लेकर जा रहे थे। यूनियन के विरोध पर इसे सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसे का विस्तृत कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पैर में चोट है। यूनियन के पदाधिकारी मेन मेडिकल पोस्ट लेकर सेक्टर 9 हॉस्पिटल तक लगे हुए हैं। बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों से संपर्क बनाया गया है। प्रबंधन से इस विषय पर बातचीत हुई है। जख्मी मजदूर पूरन इंटरप्राइजेस का कर्मचारी बताया जा रहा है।प्रदीप पाल, वशिष्ठ वर्मा, सन्नी ईप्पन, अखिलेश उपाध्याय, जगदीश सिंह, आरके सोनी आदि मौजूद रहे। मेन मेडिकल पोस्ट से शंकराचार्य ले जाने की तैयारी थी।

## पाकिस्तान का सम्मान करें, नहीं तो वे परमाणु बम गिरा देंगे : मणिशंकर

**नई दिल्ली,10 मई.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए और अपनी सैन्य ताकत नहीं बढ़ानी चाहिए क्योंकि इससे इस्लामाबाद नई दिल्ली के खिलाफ परमाणु हथियार तैनात करने के लिए परेशान हो सकता है. पूर्व राजनयिक और भारत-पाकिस्तान संबंधों को सामान्य बनाने के मुखर समर्थक अय्यर ने कहा कि सरकार चाहे तो इस्लामाबाद से सख्ती से बात कर सकती है, लेकिन अगर वह पड़ोसी देश का सम्मान नहीं करता है, तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है. उन्होंने चेतावनी दी, उनके पास परमाणु बम हैं. हमारे पास भी हैं, लेकिन अगर कोई 'पागल' लाहौर पर बम गिराने का फैसला करता है, तो विकिरण को



अमृतसर तक पहुंचने में 8 सेकंड नहीं लगेंगे. अय्यर ने पूछा, अगर हम उनका सम्मान करते हैं, तो वे शांतिपूर्ण रहेंगे. लेकिन अगर हम उनका तिरस्कार करते हैं, तो क्या होगा यदि कोई 'पागल' आकर (भारत पर) बम फेंकने का फैसला करता है?÷ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए अय्यर ने कहा, ÷विश्वगुरु बनने के लिए, पाकिस्तान के साथ हमारे मुद्दे चाहे कितने भी गंभीर क्यों न हों, हमें दिखाना होगा कि हम उन्हें हल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. लेकिन पिछले 10 वर्षों में, इसके लिए कोई कड़ी मेहनत नहीं की गई है. कांग्रेस नेता की टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रसिद्ध घर में घुस कर मारने की चेतावनी के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीमा पार से भागने वाले किसी भी व्यक्ति को मारने के लिए भारतीय सेना पाकिस्तान में प्रवेश करेगी. प्रधानमंत्री की टिप्पणी के मद्देनजर, भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी पाकिस्तान विरोधी बयानबाजी शुरू कर दी है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) हमारा था, है और हमारा रहेगा, लेकिन भारत को इस पर बलपूर्वक कब्जा नहीं करना होगा, क्योंकि इसके लोग खुद ही भारत का हिस्सा बनना चाहेंगे. राजनाथ सिंह के बयान पर कुछ दिन पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने उन्हें पाकिस्तान की परमाणु क्षमताओं की याद दिलाई थी. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, याद रखें, उन्होंने (पाकिस्तान) भी चूड़ियां नहीं पहनी हैं. उसके पास परमाणु बम हैं और दुर्भाग्य से वह परमाणु बम हम पर गिरेगा.

### नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में 3 बरी

**पुणे।** महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है. पुणे की अदालत ने नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड मामले में बड़ा फैसला लेते हुए दो को दोषी करार दिया है. जबकि तीन आरोपियों को बरी किया गया है. विशेष कोर्ट ने अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या केस में 11 साल बाद बड़ा फैसला सुनाया है. इस हत्या दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है. जबकि मास्टरमाइंड डॉ. वीरेंद्र तावड़े समेत दो आरोपी वकील संजीव पुनालेकर और विक्रम भावे को अदालत ने बरी किया है. इसके पीछे सबूतों का अभाव को बड़ी वजह बताया गया है.

## केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली,10 मई.** सुप्रीम कोर्ट ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शुक्रवार (10 मई) को अपना फैसला सुनाया और उन्हें अंतरिम जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब खत्म हो चुकी दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 जून तक अंतरिम जमानत दे दी। शीर्ष अदालत के फैसले से केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर निकल सकेंगे और मौजूदा लोकसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी और विपक्षी सहयोगियों के लिए प्रचार कर सकेंगे। अरविंद केजरीवाल के वकील शादान फरासत ने कहा कि 20 दिन के लिए अंतरिम ज़मानत दी जा रही है। वे चुनावी प्रचार में क्या कहेंगे क्या नहीं इस पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाए गए हैं। 1 जून तक अंतरिम जमानत दी और 2 जून को सरेंडर करने को कहा है।

बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मौजूदा लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अंतरिम जमानत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफकेजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करने वाली पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने पहले कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन फैसला लिया जाएगा।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर 3 दोस्तों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक ट्रक और कार की टक्कर में कार में सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर मकनपुर चौक का पास ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि तीन दोस्त एक कार पर सवार होकर पूर्णिया से आ रहे थे, तभी मकनपुर चौक का पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। वाहनों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टकराने के बाद कार की छत उड़ गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।

## बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया शुरू

**रायपुर,10 मई.** प्राइमरी स्कूलों में पदस्थ बीएडपास सहायक शिक्षकों लेकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय ने बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को पद मुक्त करने का काम शुरू कर दिया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में 3 हजार से ज्यादा बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को 6 सप्ताह के भीतर पद मुक्त करने का आदेश बिलासपुर हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को जारी किया था।वहीं, पद मुक्त किए जाने की प्रकिया शुरू होने के बाद अब इन बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों का कहना है कि अपनी योग्यता और मेहनत से इस पद को प्राप्त किया है। निर्दोष होते हुए भी हमें पद मुक्त किया जाना न्याय संगत नहीं है। आज इसी मामले को लेकर सहायक शिक्षकों ने उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सहायक शिक्षकों ने बताया उच्च शिक्षा मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में स्टे दायर करने की बात करते हुए विधिक सहायता का आश्वासन दिया है।इससे पहले प्राइमरी स्कूलों में पदस्थ बीएड शिक्षकों को नौकरी निकाले जाने के मामले में सीएम विष्णुदेव साय ने कहा था कि अभी बीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षकों को नहीं निकाला जाएगा। सरकार उनके लिए कोई न कोई रास्ता जरूर निकालेगी, क्योंकि सभी को रोजगार देने का सवाल है।बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 के अपने आदेश में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त बीएड अभ्यर्थियों को बाहर निकालने का फैसला सुनाया है। ज्ञात हो कि पिछली सरकार में बीएड अभ्यर्थियों की सहायक शिक्षक के पद पर नियमानुसार नियुक्ति हुई थी। भर्ती विज्ञापन में भी बीएड अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के लिए पात्र बताया गया था, जिसके अनुसार तकरीबन साढ़े 3 हजार बीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के रूप में विगत 6 माह से कार्यरत हैं।

## थाने में जाए बिना मकान मालिक दे पाएंगे किराएदारों की जानकारी

**रायपुर,10 मई.** मकान मालिकों को अपने किराएदारों की जानकारी साझा करने के लिए थाने में जाकर कागजी कार्रवाई की दिक्कत से निजात दिलाने छत्तीसगढ़ सरकार एप विकसित कर रही है. इस एप के पायलट टेस्टिंग के दौरान स्वयं उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने उपयोगिता परखी. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे इस एप की उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा उपयोगिता परखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया साइट ङ्ग पर उज्जवल दीपक नामक यूजर ने शेयर किया है. उन्होंने बताया कि इस एप में केवल एक सुविधा नहीं बल्कि अनेकों सुविधाएं होंगी. जन सामान्य के लिए समर्पित इस ऐप की पायलट टेस्टिंग के लिए एक जिले में ट्रायल किया गया है. इसके प्रस्तुतिकरण के दौरान मौजूद उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने सॉफ्टवेयर में उपलब्ध डाटा में से एक मोबाइल नंबर डायल कर सत्यापन कर संतुष्टि जताई.

## बीजेपी सांसद नवनीत राणा के खिलाफ एफआईआर

**बारामती,10 मई.** बारामती से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं सांसद नवनीत राणा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। चुनाव आयोग के अधिकारियों की शिकायत के आधार पर शादनगर पुलिस स्टेशन में नवनीत राणा के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। उनके खिलाफ अनुचित टिप्पणी करने को लेकर कार्रवाई हुई है। जहीराबाद में नवनीत ने कहा था कि कांग्रेस को वोट देना पाकिस्तान को वोट देने जैसा है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने इन टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है।

इधर राणा के ओवैसी बंधुओं को 15 सेकेंड में देख लेने के बयान को लेकर भी राजनीति हैदराबाद से लेकर दिल्ली तक गर्म है। हैदराबाद में भाजपा कैंडिडेट माधवी लता के प्रचार के लिए पहुंची राणा ने कहा था कि छोटा (अकबरुद्दीन ओवैसी) कहता है कि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा दो, तो हम दिखाएंगे क्या कर सकते हैं। तुम्हें 15 मिनट लगेंगे, मगर हमको सिर्फ 15 सेकेंड लगेंगे। 15 सेकेंड के लिए पुलिस को हटाया तो छोटे (अकबरुद्दीन ओवैसी) और बड़े (असदुद्दीन ओवैसी) को पता नहीं चलेगा कहां से आए और कहां चले गए। वहीं राणा के बयान पर असदुद्दीन ओवैसी ने



शुक्रवार को एक बार फिर पलटवार किया। बीजेपी सांसद नवनीत राणा के 15 सेकेंड वाले बयान को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि- सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, ' ये लोग 15 सेकेंड की बात कहते हैं। क्या मैं मुर्गी का बच्चा हूं? बताओ न कि किधर आना है? अपने दिल्ली वाले पापा से पूछकर बताओ। ओवैसी ने आगे कहा कि छोटे (अकबरुद्दीन ओवैसी) को समझाने वाला सिर्फ असदुद्दीन ओवैसी ही है वो किसी के बाप को नहीं सुनने वाला। छोटा तोप है और सलार का बेटा है। छोटे को रोका हुआ है। हम लोग अभी खाली टाइमिंग कर रहे हैं और सिंगल ले रहे हैं। टी-20 शुरू हो गया तो फिर तुम्हारा क्या होगा? एआईएमआईएम ने असदुद्दीन ओवैसी के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷तुमको मालूम क्या है? छोटा तोप, सलार का बेटा है, बहुत मुश्किल से समझाकर बिठाना पड़ता है उनको, किसी के बाप की भी सुनने वाला नहीं है वो।

## ट्रक से टक्कर के बाद कार में आग, एक की मौत

**बिलासपुर,10 मई.** बिलासपुर-कोरबा नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से जा टकराई. हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए. इस घटना में अंबिकापुर में रहने वाले युवक की मौत हो गई. वहीं कार चालक दोस्त घायल है. घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर का रहने वाला अस्कनेज राही सागर मार्केटिंग का काम करता है. गुरुवार की रात वह अपने दोस्त जितेंद्र पाणी के साथ कार में सवार होकर किसी काम से रायपुर जा रहा था. कार सवार दोनों युवक नेशनल हाईवे में रतनपुर के पास पहुंचे थे. इस दौरान उनकी कार की रफ्तार काफी तेज थी, जो सामने सड़क किनारे पोकलेन लोड खड़े ट्रक से जा टकराई. हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है. इस घटना के बाद



कार के इंजन में आग भी लग गई. जिसे पुलिसकर्मियों ने बुझाया और क्षतिग्रस्त कार को सड़क से किनारे हटवाया. फिलहाल, इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है.

## आतंकवादियों की डिफेंडर बन गई है कांग्रेसः चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,10 मई।** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने मणिशंकर अय्यर और कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा लगातार दिए जा रहे बयानों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी, पाकिस्तान और पाकिस्तानी आतंकवादियों की डिफेंडर बन गई है।

भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं के बयान से राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीति स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि हो सकता है कि कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से अपनी आदत के मुताबिक सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया था, उसी तरह से वह मणिशंकर अय्यर के बयान से भी किनारा कर ले, लेकिन कांग्रेस नेताओं के लगातार आ रहे इस तरह के बयानों से राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी की विचार और नीति के पैटर्न का पता चलता है। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर ने यह कहा है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, इसलिए भारत को उसका सम्मान करना चाहिए और उससे डरना चाहिए लेकिन उन्हें यह पता होना चाहिए कि यह नया भारत है जो किसी से डरता नहीं है। उन्होंने सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर के हाल के बयानों के साथ ही इससे पहले शशि थरूर, दिग्विजय सिंह एवं राहुल गांधी सहित अन्य कई कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि वह देश के लोगों के सामने तथ्यों को रख रहे हैं ताकि लोगों को यह पता लगे कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी की सोच क्या है? कांग्रेस और विपक्षी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए राजीव चंद्रशेखर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान यह चाहता है कि 4 जून को भारत में इंडी गठबंधन की सरकार बने लेकिन भारत की जनता यह चाहती है कि नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने।

केंद्रीय मंत्री ने आम आदमी पार्टी पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि उन्हें खालिस्तानियों से पैसा लेने के बारे में देश को बताना चाहिए।

# महतारी वंदन योजना के पैसे निकालने बैंकों में लगीं कतारें



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 मई।** राज्य सरकार की महिला उन्मुखी स्कीम महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं इसका लाभ लेने लगी हैं तो उनकी संख्या भी कम नहीं जिन्होंने फॉर्म तो भरा लेकिन किन्हीं कारणों से उनका नाम लिस्ट में नहीं आ पाया। ऐसी महिलाएं अगले शिविर का इंतज़ार कर रही हैं। इसके साथ ही अनेकानेक महिलाएं ऐसी भी हैं जिनका लिस्ट में नाम तो आया और बैंकों में रूपये भी आ गए लेकिन उनके खातों में ऐसी अनेक त्रुटियां विद्यमान हैं कि वे चलयमान नहीं हैं। इससे उन्हें रुपये छुड़ाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसी के खाते से आधार लिंक नहीं है तो किसी की केवाईसी गड़बड़ है, किसी के खाते वर्षों से बंद पड़े हैं तो किसी का नाम-पता गलत है। इससे उन्हें खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। रुपये निकालने के लिए खातों की विसंगतियों को दुरुस्त करना आवश्यक है, इसके लिए अभी भी बड़ी संख्या में महिलाओं को बैंकों के फेरे लगाने पड़ रहे हैं। इस प्रक्रिया के लिए बैंकों में महिलाओं की भीड़ सुबह से लेकर शाम तक बनी रहती है। महिलाओं की शिकायत रहती है कि दिन भर खड़े रहने के बाद भी काम की गति इतनी धीमी रहती है कि दो-दो, तीन-तीन दिन भाड़ भी उनका नंबर नहीं आ पाता। हालाँकि इसके बाद भी महिलाओं में महतारी वंदन योजन में एक हजार रुपये प्रतिमाह मिलने को खासा उत्साह देखने को मिला है। इसके लिए वे परेशानियां उठाने को भी तैयार हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। सुबह से ही बैंकों में कतारें लग जा रही हैं।

### प्राथमिकता से कर रहे हैं काम

आठ-आठ, दस-दस साल पुराने खातेधारक जिन्होंने अपने खाते अभी तक अपडेट नहीं कराये हैं, उनके खातों को दुरुस्त किया जा रहा है। मैक्सिमम जन-धन खातों में खाता खोलने के बाद ग्राहक ने अपने खातों की सुध नहीं ली। इनऑपरेटिव खातों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जा रहा है। नाम-पते से लेकर आधार लिंक आदि की अनेक विसंगतियों को सही कर खाता चालू किया जा रहा है। इसके लिए एक काउंटर अलग से काम कर रहा है। बैंक कर्मचारी खाताधारकों की हर प्रकार से सहयोग कर रहे हैं। किसी को परेशानी नहीं हो रही है।

**नीरज कार्यान्त**
**ब्रांच मैनेजर**
**एसबीआई, कैंप एरिया**

## एक नजर

### रेल टिकट का अवैध व्यापार, युवक गिरफ्कार




**भिलाई, 10 मई।** दुर्ग रेलवे सुरक्षा बल दुर्ग की टीम ने एक व्यक्ति को रेलवे ई टिकट का अवैध व्यापार करते हुए पकड़ा है उसके खिलाफ धारा 143 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। रेलवे टिकट के अवैध रूप से व्यापार करने वाले के विरुद्ध आरपीएफ द्वारा अभियान चलाया जा रहा हझ दुर्ग आरपीएफ टीआई एस के सिन्हा ने बताया कि रेलवे ई टिकट अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन वर्ल्ड एंड एसबीआई कियास्क गुरुर, बालोद, स्थित दुकान को चेक किया गया दुकान पर सचिन कुमार कंसारी पिता सोमनाथ कंसारी 32 वर्ष, निवासी मकान नंबर 15 वार्ड नंबर 1 गुलमोहर कॉलोनी गुरुर, थाना गुरुर जिला- बालोद अपने पर्सनल यूजर आईडी से बना हुआ रेल आरक्षित ई टिकट 20 नग जिसकी कुल कीमत 55,191 रुपए थी का अवैध व्यापार करता पाया गया।

### पुलिस वाला बनकर की ठगी

**भिलाई, 10 मई।** भिलाई पुलिस वाला बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी हुई है घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी का है मिली जानकारी के मुताबिक नेहरू नगर स्थित सूर्या माल के पास जुनवानी रोड में पतंजलि मेगा स्टोर नामक शॉप खुला है स्टोर में अज्ञात कॉल कर स्वयं को पुलिस विभाग का एसएचओ बताकर पतंजलि आयुर्वेद का सामान फोन से आर्डर करता है सामान की कीमत 1364 रूपये था शॉप में फोन कर कहा कि आन लाईन पेमेन्ट करता हूं उसके बाद जिस नंबर में ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा नहीं है उसी नंबर में पेमेंट करने का झांसा दिया करता है पीड़ित को रुपए डालने का मैसेज भेजा जिसमें 1 हजार और 3644 रूपये अंकित था आनन फानन में अज्ञात आरोपी ने शॉप संचालक के परिवार के फोन कर झांसे में लिया कि खाते में हजार और 6 हजार रुपए ट्रांसफर किया लेकिन संचालक ने दिमाग लगाकर आरोपी से बात कर ठग होने का अंदेशा होने पर शिकायत पुलिस से किया ।

### पत्नी से विवाद, पति ने फांसी लगाई

**भिलाई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र परेशान पति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मामले पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि जागृति चौक कैंप निवासी सुमित कुमार गिरी ने घर में पंखे में फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया सुमित के पास से एक सुसाइड भी मिला है जिसमें वर्ष 2019 में सामाजिक रीति रिवाज के साथ शादी हुई उनके दो जुड़वा बच्चे हैं। उसके बाद से पति व पत्नी में नहीं बनती थी पत्नी सुमित से तलाक लेना चाहती थी तलाक का केस दुर्ग न्यायालय में चल रहा था जिसकी 9 मई को पेशी थी, मगर सुमित ने आत्महत्या कर लिया है मृतक अंबिकापुर के कुरियर कंपनी में काम करता था। खबर लगने पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेज दिया सुमित की पत्नी भी प्राइवेट जॉब करती थी। पत्नी तीन साल से अलग रहती थी दो साल पहले सुमीत ने अपनी पति से तलाक के लिए आवेदन लगाया था जबकि सुमित की पत्नी उसे तलाक नहीं देना चाहती थी घटना के बाद से पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### ढि्ल्लन के घर ईओडब्लू का छापा

**भिलाई।** शराब घोटाले मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे नेहरू नगर पूर्व निवासी शराब कारोबारी होटल व्यवसायी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन के घर पर ईओडब्ल्यू की छापे की कार्यवाही जारी है बताया जाता है कि ईओडब्ल के एक दर्जन से अधिक अधिकारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को पुलिस कस्टडी में लेकर उनके घर पर आए हुए हैं पिछले दिनों ईओडब्ल ने जब घर पर छापा मारा था उसे समय त्रिलोक सिंह ढिल्लन घर से गायब थे छापे की कार्रवाई के दौरान बहुत से अलमीरा सील कर दिया गया था आज पुलिस कस्टडी में लेकर त्रिलोक सिंह ढिल्लन को ईओडब्ल्यू के अधिकारी उनके नेहरू नगर पूर्व स्थित बंगले पर पहुंचे और इस समय बंगले के अंदर कार्यवाही जारी है बंगले के सभी गेटों पर सुरक्षा के बतौर पुलिस के कर्मी गेट पर तैनात है पुलिस है विजय भाटिया के बंगले पर भी घुसे हुए हैं बताया जाता है कि त्रिलोक सिंह ढिल्लन का पुलिस रिमांड आज खत्म हो रहा है संध्या के समय त्रिलोक को न्यायालय में पेश किया जाएगा छापे की कार्यवाही में क्या-क्या हासिल हुआ है इस संबंध में ईओडब्ल के अधिकारी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है।

### भिलाई विद्यालय के छात्र ने दसवीं कक्षा में प्राप्त किया 94.37 प्रतिशत अंक



**भिलाई, 10 मई ।** छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीजीबीएसई) की हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (एचएससीई) कक्षा 10वीं के परिणाम में बीएसपी-भिलाई विद्यालय, सेक्टर -2 के छात्र विनय कुमार बघेल ने 94.37त्न अंक प्राप्त किया। उन्होंने सामाजिक अध्ययन में 99, हिंदी में 96, संस्कृत में 96, गणित में 90, विज्ञान में 90 और अंग्रेजी में 95 अंक हासिल किए। विनय कुमार ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मैं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करूँगा। जिसके लिए उन्होंने रोजाना छह घंटे पढ़ाई की। बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल बछेड़ी के व्याख्याता श्री संतोष कुमार बघेल और माता श्रीमती ज्योति बघेल के पुत्र विनय कुमार ने कहा, खाली समय में संगीत सुनना और मोबाइल में गेम खेलना मेरे तनाव को दूर करता था। मैंने फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स (पीसीएम) में आगे बढ़ने और इंजीनियर बनने का फैसला किया है।

# भगवान परशुराम की 10 फीट ऊंची मूर्ति की स्थापना



भिलाई, 10 मई। शुक्रवार अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम की 10 फुट ऊंची मूर्ति की स्थापना संध्या 4 बजे परशुराम चौक आईटीआई के पीछे केनाल रोड पर किया जा रहा है। पिछले वर्ष पार्षद पीयूष मिश्रा के प्रयास से भगवान परशुराम का फरसा स्थापित किया गया था। आज मूर्ति स्थापित के बाद यहीं से रैली निकाली जा रही है। यह रैली परशुराम धाम से न्यू खुर्सीपार जाकर समाप्त होगी। जहाँ महा भंडारे का आयोजन है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, संपादक हिमांशु द्विवेदी अतिथि के रूप में विराजमान होंगे। कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाएगा।

### टैरो कार्ड रीडर उत्तरा ने दी मतदाताओं को बधाई

**पाटन,10 मई।** इंटरनेशनल टैरो कार्ड रीडर उत्तरा मेश्राम ने अपनी सखी-सहेलियों शांति साहू, लक्ष्मी साहू, शैल कंवर, के साथ मिलकर मतदान जागृति का एक छोटा सा प्रयास किया। वे लोग छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ जागरण संदेश देते हुए कहा कि दुर्ग जिले में लोगों खास कर महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र का इतिहास बना दिया है। उन्होंने जागरूक मतदाताओं को बधाई दी।



# नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में काम कर रही सरकार:विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 मई।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ कश्मीर की तर्ज पर टारगेट बेस्ड आपरेशन शुरू कर दिया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल प्रभावित इलाकों में घुसकर जवान नक्सलियों को टारगेट बना रहे हैं।राज्य में डबल ईंजन वाली विष्णुदेव साय सरकार आने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा के दिशा निर्देश पर नक्सल क्षेत्र में खुफिया तंत्र को मजबूत कर दिया गया है । नक्सलियों की हर गतिविधियों पर सुरक्षा बलों ने पैनी नजर रखी है । गाँव में सुरक्षा कैम्प खोलकर ग्रामीणों को विश्वाश में लिया जा रहा है ।

छत्तीसगढ़ में कवर्धा जिले को भी नक्सल प्रभावित जिला माना जाता है यहाँ भोरमदेव कवर्धा डिवीजन के सक्रियता बताई जाती है । स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में गृह मंत्री विजय शर्मा का कवर्धा गृह ग्राम है । स्थानीय जन प्रतिनिधि होने के नाते कवर्धा की सुरक्षा को लेकर संजीदा विजय शर्मा ने पुलिस विभाग के साथ व्यापक समीक्षा कर मार्गदर्शन दिया । नक्सलियों को बैक फुट में धकेलने के लिए जिले में भी 6 नये फारवर्ड कैम्प प्रस्तावित किये गए । जिनमें चार कैम्प स्थापित हो चुके है । कुमान,बेंदा ,मारा डबरा और खिलाही कैम्प शामिल है । ऐसा माना जाता है नक्सली मध्यप्रदेश, महाराष्ट और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले कवर्धा जिले के जंगलो का उपयोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए करते है इन 4 नए फारवर्ड कैम्पो की स्थापना इसके मद्देनजर की गई है ताकि नक्सलियों के मूमेंट को जिले के जंगलो में रोका जा सके । ऐसा माना जा रहा है इन कैम्पो के स्थापना से नक्सली गितिविधियो में कमी होगी । इसके साथ ही नक्सली पकडने या मारने में मदद करने के लिए लोगो को जागरूक और पारितोष देकर प्रोत्साहन देने की भी बात कही जा रही है ।

### डबल इंजन की सरकार का नतीजा

इस पूरे विषय पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद से नक्सल मोर्चे पर काफी सकारात्मक चीजें दिख रही हैं। नक्सलियों के मांद में जाकर जवानों के कैंप खोले गए इससे नक्सलियों के हौसले पस्त होंगे । उन्होंने यह भी कहा कभी भी बुलेट के नोक पर विकास संभव नही है । क्षेत्र में विकास के लिए लोकतंत्र ही सशक्त माध्यम है । उन्होंने कहा हम लगातार यह कह भी रहे है नक्सली जब चाहे सरकार बातचीत के लिए तैयार है । उन्हें हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटना चाहिए ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राज्य में सरकार गठन के बाद संकेत दिए है नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे है ।

### बार एवं रॉड मिल ने स्थापित किया नया दैनिक कीर्तिमान

**भिलाई, 10 मई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने 08 मई को 16 एमएम टीएमटी बार में 1434 टन (697 बिलेट्स) का उत्पादन कर नया सर्वश्रेष्ठ दैनिक कीर्तिमान बनाया है। इस सफलता पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कार्मिकों को बधाई प्रेषित की एवं पूर्ण विश्वास प्रकट किया कि बीआरएम बिरादरी की यह स्वप्रेरित टीम इस वर्ष के महती लक्ष्य को भी सामूहिक प्रयास से प्राप्त कर लेगी एवं नए कीर्तिमान भी बनाएगी। विभागाध्यक्ष शांतनु कुमार बेहरा ने इस सफलता का श्रेय कर्मचारियों के समर्पण और टीमवर्क को दिया।

# दीपशिका विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**उतई, 10 मई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई का बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा दसवीं में कु. भूमिका साहू 94त्न लेकर विद्यालय एवं अंचल को गौरवान्वित किया। वहीं कु. हर्षिता बारले गणित विषय में शत प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए 93.16प्रतिशत लेकर विद्यालय प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान हासिल किए। वेदांत वर्मा 92.8त्न तृतीय कु. श्रेया सैमुअल 90.5त्न चतुर्थ कु. प्राची 86.5त्न पांचवा कु. टिनल 86.16प्रतिशत छठवां विनय वर्मा 83.8प्रतिशत सातवां भूपेश 78.3त्न आठवां कु. प्रिंसी देवांगन 73.5त्न नौवां तथा कु. जिज्ञासा देवांगन, शैलेंद्र 72.16त्न लेकर दसवां स्थान अर्जित किया। हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा 12वीं में कु. तनीषा 90त्न अंक लेकर स्कूल प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल कर अपने कुल परिवार ,विद्यालय एवं अंचल को गौरवान्वित किए। दिव्यांश कुमार साहू 88.4प्रतिशत द्वितीय कु. स्वेक्षा साहू 88.2त्न तृतीय कु. तोमेश्वरी 81.2प्रतिशत चतुर्थ ओजस देवांगन 80.6त्न पांचवा कु. राची साहू 80.4 त्नप छठवां हितेश कुमार 78.8प्रतिशत सातवां कु. अनुष्का देवांगन 77.2प्रतिशत आठवां पीयूष वर्मा 75.6त्न नौवां मुकेश गायकवाड 73.2प्रतिशत दसवां कु. यामिनी अकाउंटेंसी में शत प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए 73प्रतिशत अंक लेकर 11वां स्थान हासिल की ।

विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डी एल सिन्हा श्रीमती चंदा देवी सिन्हा ,प्राचार्य के आर सिन्हा बोर्ड परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर उपप्राचार्य शांता सोनवानी अनीता अहीर प्रधान पाठक शरणजीत कौर, उपप्रधान पाठक एस आर सेन, प्रमोद कुमार ,प्रदीप सिंह, भूमिका साहू, प्रियंका साहू , गीतांजलि सिन्हा, हेमलता साहू, मंजू साहू, विद्या साहू, सुनीता नायक,वर्षा साहू, पूर्णिमा साहू ,बी एल यादव ,वंदना सोनवानी ,काजल शर्मा, तरुण यादव , द्रोण कुमार मंडले, विश्वजीत मुखर्जी के आर साहू तथा समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं पालक शिक्षक समिति के सदस्यों सूरज यादव, प्रेमीस यदु, दामेश्वर प्रसाद साहू ,संतोष कुमार मिश्रा ,राजेश महिपाल, मोहर लाल कॉमडे ,श्रीमती टोमिन साहू एवं लता साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा जिन विद्यार्थियों को आशा अनुरूप सफलता न मिल पाई हो उसे निराश नहीं होते हुए आगे आने वाले अवसर में पुनः अच्छे से तैयारी कर अपने लक्ष्य को हासिल करने की शुभकामनाएं दी।

# एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भागवत ने भारत को दिलाया कांस्य पदक




**भिलाई, 10 मई।** हाँगकाँग में 5 से 11 मई तक आयोजित एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के सीनियर कैटेगरी में जे भागवत ने भारतीय टीम की तरफ़ से 66 किलो वजन समूह में कुल 522.5 (स्क्वाट-190, बेंच प्रेस-137.5, डेडलिफ्ट-195 किलोग्राम) लिफ्ट कर भारत देश को कांस्य पदक दिलाने में सफलता पाई है । उल्लेखनीय है कि भागवत राव भिलाई इस्पात संयंत्र टीम के वार्ड पॉवरलिफ्टर हैं जिन्हें अनेकों राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर दुर्ग जिला, छत्तीसगढ़ राज्य एवं भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रोशन कर रहे हैं, ज्ञात हो कि भागवत राव प्रथम बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीते हैं । भागवत राव के इस उपलब्धियों के लिए खेल मंत्री टंकराम वर्मा, खेल संचालक (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन), अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टर एवं कोच कृष्णा साहू, भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा अधिकारी, छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारी एवं पॉवरलिफ्टर, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ सहित छत्तीसगढ़ के समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दिये हैं ।

# वनोपज एवं घरेलू रसीले फलों के साथ लुभा रहा ताड़ का फल



**भिलाई, 10 मई।** इस भीषण गर्मी में वनोपज एवं घरेलू रसीले फलों की मांग को देखते हुए बस्तर से लेकर आंध्रा एवं ओडिशा से की जंगलों से खूब फल आ रहे हैं। आजकल तरबूज-खरबूज, आम, बेल, नींबू, नारियल पानी तो खूब बिक रहे हैं। लेकिन ताड़ का फल भी लोगों को कम नहीं लुभा रहा है ! फारेस्ट एवन्यू मैत्रीबाग वाले मोड़ के पहले पसरे पर वनोपज एवं घरेलू रसीले फल जमकर बिक रहे हैं। यहाँ ताड़ का फल लेने के लिए ग्राहक गाड़ियाँ रोककर मोल-भाव कर रहे हैं। कच्चे नारियल की तरह ही ताड़ का फल भी है। जिसे काटकर बेचा जा रहा है। एक ताड़ का फल 50 रुपये के मोल है तो तीन खरीदने पर 100 रूपये लिए जा रहे हैं। इस नए फल को चखने के लिए लोग लालायित दिखे और मौके पर कटवाकर खाते देखे गए। इस ताड़ के फल में तीन या दो कोष्ठों में छोटे-छोटे गूदे होते हैं जो छिलने पर लीची की तरह दीखते हैं। दुकानदार ने बताया कि इस फल के खाने से किसी प्रकार का नशा आदि नहीं होता है। यह देसी फल है। यहीं पका आम भी बिक रहा था जिसकी कीमत 40 रु पाव थी। बेल 100 रुपए में 3 बिक रहा था। गंगा इमली भी लोगों की पसंद में शामिल थी।

### मरोदा जलाशय में 15 मेगावाट फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र बनेगा




**भिलाई, 10 मई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने एनटीपीसी-सेल पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल) के साथ 15 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए पीपीए साइन किया गया। 9 मई को इस्पात भवन में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और एनएसपीसीएल के बीच, विद्युत खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए। यह संयंत्र, बीएसपी के मरोदा-1 जलाशय में स्थापित किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ राज्य का पहला फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र होगा। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक राजीव कुमार श्रीवास्तव और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक देबेंद्र नाथ करण उपस्थित थे।

# युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 10 मई।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र पोटिया शराब भट्ठी में दो युवकों के बीच शराब खरीदने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने एक युवक पर चाकू से वार कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया मौके पर पहुंची पुलगांव थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस के मुताबिक शराब खरीदने को लेकर एवं उसके बाद आरोपी द्वारा मृतक से पैसा छीनने की बात पर दोनों युवकों में विवाद हुआ था। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस न्यायालय में पेश करेंगी पुलगांव टीआई पुष्पेन्द्र भट्ट ने बताया कि पोटिया शराब भट्ठी मैं दो युवक अलग-अलग गए थे। जहां दोनों की शराब खरीदने को बात को लेकर विवाद हो गया। इस बीच प्रमोद साहू (45 वर्ष) पिता स्व. पुसऊ राम साहू निवासी आदर्श नगर अटल आवास गायत्री नगर पोटियाकला पर आरोपी युवक सन्नी निर्मलकर उर्फ सनी रजक ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने चाकू से सीधे उसके गले वार कर दिया। जिससे प्रमोद जमीन पर गिर गया। आरोपी मौके से फरार हो गया। शराब भट्ठी के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौक पर पुलिस की टीम पहुंचकर गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के मोबाइल को ट्रेस करते हुए गिरफ्तार कर लिया है मृतक प्रमोद साहू के भांजे प्रार्थी नोहर साहू ने बताया कि वह कारपेंटर का काम करता है। 8 मई की रात 7.30 बजे उसके मामा प्रमोद साहू ने फोन करके अपने घर पलंग बनाने की बात कह कर बुलाया था वह अपने मां के घर अपने हेल्पर संतोष यादव के साथ गया हुआ था पलंग का प्लाई ठीक करने के बादप्रमोद साहू ने नोहर साहू एवं संतोष यादव से कहा कि चलो पार्टी करते हैं, यह कहकर उसने सभी को पोटिया शराब भट्ठी लेकर आया। प्रार्थी नोहर साहू की मोटरसाइकिल पर हेल्पर संतोष यादव बैठा एवं पड़ोसी सुखनंदन के मोटरसाइकिल में उसका मामा प्रमोद साहू बैठा। प्रमोद साहू ने पोटिया भट्ठी के पास में सभी को बाहर खड़े किया एवं स्वयं शराब खरीदने के लिए अंदर गया। थोड़ी देर बाद मामा प्रमोद मार दिया- मार दिया कह कर चिल्लाते हुए खून से लथपथ बाहर आया। इस पर प्रार्थी एवं उसके साथ में खड़े लोगों ने उसे संभाला। तब गंभीर रूप से घायल प्रमोद साहू ने इन लोगों को बताया कि सन्नी धोबी उससे जबरन पैसा मांगते हुए छीना झपटी कर रहा था जब उसने मना किया तो आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया

# राजनांदगांव सीट से संतोष पाण्डेय दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज करेंगे: विजेन्द्र

**डोंगरगढ़, 10 मई।** विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी एवं जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आगामी 4 जून को समूचे भारत साहित छत्तीसगढ़ में भी लोगों की नजर होगी साथ ही पूरे प्रदेश की नजर राजनांदगांव सीट पर केंद्रित होगी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा तब मतगणना के चलते यह स्पष्ट हो जाएगा की आम जनता मोदी के कार्यशैली कार्य कुशलता से संतुष्ट होते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में स्वयं अपने घरों से निकलकर भारी मतदान किया है राजनांदगांव के लिए 4 जून ऐतिहासिक साबित होगा क्योंकि इस दिन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री जिसे विधानसभा चुनाव में जनता पहले ही नकार चुकी है कांग्रेस को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से किस प्रकार से राजनांदगांव की जनता हराती है उसे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरा भारत देखेगा की एक आम परिवार का एक आम आदमी जिसे पूर्व में राजनांदगांव की जनता ने आशीर्वाद देते हुए सांसद चुना था फिर एक बार संतोष पाण्डेय जैसे आम आदमी ने किस प्रकार से तानाशाह कर छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने वाले व्यक्ति को पछड़ कर भारी मतों से जीता कर राजनांदगांव जिले की जनता इतिहास बनाने के लिए भारी मतदान किया है 4 जून को पूरे भारत का रुझान भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आते हुए हम सब देखेंगे कांग्रेस के लोग कहते रहे की राजनांदगांव क्षेत्र में कांग्रेस बहुत मजबूत होगी किंतु कांग्रेस के लोग यह भूल रहे थे की भूपेश बघेल के नेतृत्व में ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का थुपड़ा साफ हुआ है पूरे प्रदेश का खलनायक भूपेश बघेल को ही माना जा रहा था तो फिर राजनांदगांव की जनता इन्हें कैसे बर्दाशत करेगी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कांग्रेस के लोग बेवजह का अफवाह फैला कर छत्तीसगढ़ के शांत माहौल को आरक्षण के आग में झोकने का प्रयास किया किंतु छत्तीसगढ़ की शांतिप्रिया जनता ने शांति बनाते हुए आरक्षण ,जात ,पात से ऊपर उठकर मोदी की गारंटी विकास की रहा को चुना हम सब ने देखा छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक सभाओं में स्वयं अपनी उपस्थिति दर्ज कराई विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा राजनांदगांव जिले की जनता ने गांव ,शहर , के बूथ पर किस प्रकार से सक्रियता से मतदान की है यह हम सब ने देखा है विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेश नेतृत्व ,जिला नेतृत्व व मंडल से लेकर बूथ के सक्रिय सदस्य बूथ अध्यक्ष , सेक्टर प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के जांबाज कार्यकर्ताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।



# छत्तीसगढ़ सरकार को कन्यादान योजना शुरू करनी चाहिए: रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 10 मई।** सिंघोला के मिनी स्टेडियम में मां भानेश्वरी और मां कर्मा माता की पूजा अर्चना, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू साहू, कोषाध्यक्ष नोबेल साहू व नगर साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू आदि शामिल थे । पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समीपस्थ ग्राम सिंघोला में आयोजित मां भानेश्वरी जयंती में मुख्य अतिथि सानिध्य में खचाखच भिड़ को संबोधित किया। उन्होंने समाज साहू एवं ग्राम समाज द्वारा आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण दिया जो देश के उच्च पद पर ईमानदारी से काम कर रहे हैं। कहा कि यह देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने समाज द्वारा आयोजित दो जोड़े आदर्श विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि कन्यादान योजना छत्तीसगढ़ सरकार को शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला में जो भी कार्य हो उसे प्रस्ताव मेरे पास भेजेंगे। प्रस्ताव में जो भी कार्य हो उसे संबंध में प्रस्ताव मेरे पास भेजेंगे। मैं जब मुख्यमंत्री था तब तत्काल सहयोग करता था। समारोह को डॉ. रमन सिंह के अलावा पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू ने भी संबोधित किया । जयंती कार्यक्रम आज सुबह गांव बस्ती में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। उसके बाद विवाह, भंडारा, स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदान तथा समारोह का आयोजन गांव के मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम प्रदेश साहू संघ, जिला साहू संघ, ग्राम साहू समाज, परीक्षेत्रीय साहू समाज सहित ग्राम के समस्त समाज का मिला झूला सहयोग रहा।बइस आयोजन को लेकर न सिर्फ सिंघोला में अपितु आसपास कई गांव में त्यौहार जैसा माहौल रहा वातावरण रहा। उल्लेखनीय है कि मां भानेश्वरी देवी का मंदिर सिद्ध पीठ सिंघोला में स्थित है। मां भानेश्वरी सिंघोला की ही रहने वाली थी। जिनकी महिमा दूर-दूर तक बखान की जाती है। जस सेवा गीतों में भी मां भानेश्वरी की महिमा गाई जाती है। मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला में तांबे के कलश में दोनों नवरात्रि पर्व में ज्योत जलाए जाते है। आने वाली भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली माता भानेश्वरी के चित्र इस अनंचल में घर-घर रखकर पूजा की जाती है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, विधायक भोलाराम साहू, विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू, जिला साहू कुलेश्वर साहू, सह संयोजीका खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती मोहनकुमारी उपाध्यक्ष, हनुमंत साहू कोषाध्यक्ष, श्री दयाराम साहू, लखन साहू, हलधर साहू महामंत्री, चर्तुभुज साहू प्रभारी जिला साहू संघ, श्रीमती अंजनी साहू सहप्रभारी, श्रीमती अंजु साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, शैलेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय (मंडल) साहू समिति सिंघोला, जगतनारायण साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समिति सिंघोला, माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ समिति सिंघोला के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, उपाध्यक्ष भोजराज साहू, सचिव रोशन साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, दिलीप ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सहकारी समिति से किसानों को कृषि कार्य के लिये पूर्व की तरह प्रति एकड़ 26,000 रु. दिया जाए

■ **भाजपा सरकार का सहकारी समिति को किसानों को प्रति एकड़ मात्र 10,500 रु. देने का आदेश किसान विरोधी**



**रायपुर 10 मई ।** भाजपा सरकार के द्वारा सहकारी समितियों को इस वर्ष किसानों को फसल लगाने प्रति एकड़ मात्र 10500 रु मात्र देने के आदेश को किसान विरोधी कदम बताते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 3 महीने में ही भाजपा के किसान हितैषी होने का मुखौटा उतर गया है, भाजपा की सरकार किसानों को मदद करना नहीं चाहती है। कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों को फसल लगाते वक्त केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से सहकारी समितियां से प्रति एकड़ कृषि कार्य के लिए 20,000 नगद एवं 6,000 रु खाद बीज के लिए अतिरिक्त दिया था, उसे भाजपा सरकार ने कटौती करते हुए प्रति एकड़ मात्र 10,500 रु. देने का आदेश दिया है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार से इस आदेश को वापस लेने और पूर्व की तरह ही किसानों को 26,000 रुपए प्रति एकड़ देने की मांग करती है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार जिन्होंने 21 क्विंटल धान 3100 रुपए के भाव में खरीदने की घोषणा की है, एक ही बार धान खरीदने में उनके हाथ पांव फूलने लगे हैं इसीलिए किसान ज्यादा फसल उत्पादन ना कर सके। उन्हें आर्थिक रूप से परेशान कर रही है, किसानों को अगर सही समय पर आर्थिक मदद मिल जाती है तो किसान निश्चिंत होकर खेती किसानी में जुट जाते हैं और अच्छा उत्पादन करके आर्थिक रूप से सक्षम बनते हैं। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अब भाजपा के नेता भी कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों के हित में शुरू किए गए योजनाओं को फिर से शुरू करने की मांग कर रहे हैं और अपने ही सरकार को आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए ही किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी किया है। अब आने वाले 5 वर्षों तक वह किसानों से 21 क्विंटल धान नहीं खरीदना चाहती। इसीलिए अब वह सरकारी समितियां के माध्यम से मिलने वाली सहायता को भी कम कर रही है ताकि किसान आर्थिक संकट से परेशान रहे और खेती किसानी न कर पाए।

## एक नजर

### खुर्शीपार में तेज रफ्तार हाइवा ने मारी टक्कर, युवक की मौत




**डोंगरगांव 10 मई।** खुज्जी क्षेत्र मे लगातार दो दिन मे दूसरी घटना लगातार हादसे का शिकार होकर सीधे मौत का ग्रास बन रहे लोग, बीते कल खुज्जी क्षेत्र के ही सम्बलपुर हादसे मे दो युवको ने अपनी जान गवाई,और आज एक भयानक हादसा खुज्जी क्षेत्र के खुर्सीपार मे हुआ जिसमे युवक अपनी मोटरसाइकिल से डोंगरगांव आ रहा था तभी पीछे से तेज़ रफ़्तार हाइवा ने टक्कर मार दी टक्कर इतना भयानक था की युवक की दुर्घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। मिली जानकारी अनुसार अनिल लोहार पिता विष्णु लोहार उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी परना एवं केवल राम पिता गरीभा राम ठाकुर उम्र 50 वर्ष निवासी परना तथा नागेश महार पिता ठाकुर राम उम्र 26 वर्ष निवासी परना जो अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक ष्ट्र 08ॅ ड्ढ 0914 .मे परना से डोंगरगांव आ रहे थे जिसको खुर्सीपार के पुराना सोसायटी के पास तेज़ रफ़्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुई हाइवा ने टक्कर मार दी,टक्कर से युवक अनिल के सर मे गंभीर चोट आयी और घटना स्थल पर ही मौत हो गई मोटरसाइकिल मे सवार बाकी दोनों युवको को मामूली चोटे ही आयी । हादसे के बाद वंहा मौजूद लोगो द्वारा डायल 112, एम्बुलेंस 108 और पुलिस को सुचना दी, तब आनन फ़ानन मे पुलिस और 108 की टीम वंहा पहुंची।हादसा इतना भयानक था की देखने वाले की भी डर से रूह काँप गई। हादसे मे मृत युवक की अभी एक वर्ष पहले ही शादी हुई थी और उसकी अभी एक 3 माह की बच्ची भी है, तेज़ रफ़्तार ने आज फिर एक नवजात बच्ची के सर से पिता का साया छीन लिया।

### क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों की समीक्षा की



**राजनांदगांव 10 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधिक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागार में (राजपत्रित अधिकारी पुलिस) एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई जिसमें कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, नशीले पदार्थो की खरीदी बिकरी, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। थानों पर लंबित विवेचनाएं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराध, पॉक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की गई। जितने भी मर्ग पेंडिंग है उसका सिघ्र निराकरन करने हेतु हिदायत दी गई, धोखाधड़ी/चिटफंड़ से संबंधित अपराधों के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने हेतु हिदायत दी गई। मीटिंग में अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम व जिले के समस्थ थाना/चौकी प्रभारीगण उपस्थित थे।

### 10वीं में वंशिका साहू 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठ स्थान प्राप्त किया



**राजनांदगांव 10 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजनांदगांव जिले से कक्षा 10वीं में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया की छात्रा कुमारी वंशिका साहू ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठवां एवं जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं में सर्वेश्वर दास शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के छात्र रिकेश देवांगन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़ीकला राजनांदगांव के छात्र ओगेश कुमार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में कक्षा 10वीं में 76.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 71.85 एवं छात्राओं का प्रतिशत 80.78 है। इस तरह कक्षा 12वीं में 83.57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 80.11 एवं छात्राओं का प्रतिशत 86.24 है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नये आयाम प्राप्त करें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय कुमार जायसवाल ने भी बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।

### कुलपति डॉ. चंदेल ने राज्यपाल को संजीवनी धान के संबंध में जानकारी दी

**रायपुर, 10 मई।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज इंदिरा गांधी कृषि विश्विद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित धान की नवीन प्रजाति संजीवनी धान के बारे में जानकारी दी। डॉ चंदेल ने राज्यपाल को बताया की भाभा एटॉमिक रिसर्च इंस्टीटयूट मुंबई के सहयोग से कृषि विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की औषधीय गुणों वाली परंपरागत किस्मों से संजीवनी धान का विकास किया गया है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है तथा इसमें एन्टी कैंसर गुण पाये गये हैं। राज्यपाल श्री हरचिंदन ने इस उपलब्धि के लिये कुलपति डॉ चंदेल तथा उनके वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनायें दी।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से खून जांच संभावना पर पैथोलॉजी विभाग में किया विचार



**रायपुर 10 मई।** पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के पैथोलॉजी विभाग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) में खून एवं मूत्र जांच की मशीन का प्रदर्शन किया गया। ए-आई आधारित कम्प्यूटेशनल पैथोलॉजी ने हाल ही में कई चिकित्सा क्षेत्रों में रोगियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल और निदान परीक्षणों की सटीकता और उपलब्धता दोनों को बढ़ाने की आशा जागृत की है। मशीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) के जरिए खून और मूत्र सैंपल के माइक्रोस्कोपिक चित्रों को ऑटोमेट करता है और कृत्रिम विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार किया जाता है। इस मशीन से दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में प्रारंभिक जांच और निदान (डायग्नोसिस) में मदद मिल सकती है। चिकित्सा महाविद्यालयों के पैथोलॉजी विभाग में जहां सैम्पल्स की संख्या बहुत अधिक होती है, वहां कम समय में अधिक जांच संभव हो सकेंगे और यह शोध कार्यों में भी मददगार होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल ने बताया कि रोग निदान की इस आधुनिक प्रणाली से खून के तीनों अवयवों लाल रक्त, श्वेत रक्त कणिकाओं और प्लेटलेट्स संबंधित सभी बीमारियों की पहचान हो सकती है। प्रोफेसर राबिया परवीन सिद्दिकी ने कहा कि इससे रक्त संबंधित विभिन्न कैंसर्स ल्यूकिमिया में पाये जाने वाले अलग-अलग प्रकार की कोशिकाओं को पहचानने में आसानी होगी और इससे इमेजेज सुरक्षित रखे जा सकेंगे। मशीन आटोमेटिक रूप से स्लाइड के संबंधित हिस्सों की हाई मैग्निफिकेशन माइक्रोस्कोपिक इमेजेज संग्रहित करती है और उन्हें क्लाउड प्लेटफार्म पर अपलोड करती है। इन इमेजेज का विश्लेषण कर परिणाम वेब ब्राउजर पर पैथोलाजिस्ट को दिया जाता है, जो रिपोर्ट को कहीं से भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। पैथोलाजिस्ट एआई द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को पुनः परीक्षण करते हैं और फिर उसे प्रमाणित करते हैं। इस मशीन की कार्यप्रणाली के प्रदर्शन के समय प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ. अरविन्द नेरल, प्राध्यापक डॉ. राबिया परवीन सिद्दिकी एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षक डॉ. चन्द्रकला जोशी, डॉ. वर्षा पाण्डेय, डॉ. अमित भारद्वाज, डॉ. विकास बाम्बेश्वर, डॉ. रीति शर्मा, डॉ. रूचि वर्मा, डॉ. अनुभव चन्द्राकर, डॉ. वनिता भास्कर, डॉ. सरोज कुमारी, डॉ. पुष्कर चौधरी, डॉ. मेघा वर्मा एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### कमिश्नर ने किया नये बन रहे संभागायुक्त कार्यालय का निरीक्षण

**रायपुर 10 मई।** कमिश्नर डॉ.संजय अलग ने आज कोनी में बन रहे नये संभागायुक्त कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाकर इस साल के अंत तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। धीमी निर्माण प्रगति पर नाराजगी भी जाहिर की। लगभग सवा दो एकड़ भूमि कार्यालय भवन के लिए आवंटित किया गया है। बेसमेन्ट सहित दो मंजिला भवन पीडब्ल्यू डी विभाग द्वारा बनाया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा इसके लिए लगभग 12 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। अब तक बेसमेन्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रथम मंजिल का निर्माण कार्य जारी है। डॉ. अलंग ने सूक्ष्मता से भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और कुछ सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार एवं अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखने की हिदायत दी।



## समाचार संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ ने ली अधिकारियों की बैठक




**राजनांदगांव 10 मई ।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ ने जल संरक्षण के उपाय करने, भू-जल स्तर बनाये रखने एवं बढ़ाने के संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के उपाय करने के साथ ही जनसामान्य में जागरूकता लाने की जरूरत है। तालाब, डबरी, कुआँ एवं अन्य माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक जिला पंचायत श्री देवेन्द्र कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

### शाउमा विद्यालय भोथीडीह के छात्र समीर कुमार 12 वीं की टॉप-10 सूची में चौथे स्थान पर



**मगरलोड 10 मई।** लक्ष्य लेकर कुछ कर गुजरने की इच्छा शक्ति लेकर चलने वाले के आगे सफलता भी कदम चूमती है, जी हां हम बात कर रहे हैं ऐसे ही दृढ़ निश्चय के साथ बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायरसेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम से मगरलोड ब्लाक के ग्राम भोथीडीह के होनहार छात्र समीर कुमार की जिन्होंने 96.60 अंक अर्जित कर हायर सेकेण्डरी बारहवीं की टॉप टेन की सुची में चौथे स्थान पर अपना जगह बनाया है, वही इस बात की जानकारी आसपास के लोगों को लगी तो समीर के घर सभी बधाई देने पहुंच रहे हैं और सभी का मुंह मीठा करा कर समीर के उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं. समीर चक्रधारी आगे सिविल सर्विस की तैयारी करने की बात कह रहा है समीर के साथ ही परिजनों में खुशी का माहौल है समीर ने बताया कि वे 7 से 8 घंटे की पढ़ाई करता था और अपने पिता के साथ खेती किसानी और मूर्तिकारी का काम भी करता था. इस उपलब्धि पर शाला परिवार माता पिता परिजन ग्रामवासी सहित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।



**रायपुर 10 मई।** पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड 42 के अंतर्गत पण्डित सुन्दर लाल शर्मा स्कूल को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया था जहाँ सुबह 6 बजे से शाम तक मतदाताओं की भीड़ रही । मतदान करने के बाद केन्द्र में विशेष रूप से बनाया गया सेल्फ़ी पॉइंट भी मतदाताओं के लिए आकर्षण और उत्साह का केन्द्र रहा । सेल्फ़ी पॉइंट में करीब करीब सभी मतदाताओं ने सेल्फी लेकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की ।

## भाव शुद्ध साधना का सर्वोत्तम मार्ग है: सुधाकर



**राजनांदगांव 10 मई।** युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि बंधन और मुक्ति तुम्हारे भीतर ही है। भावों ही भावों में बंधन और मुक्ति हो सकता है। भाव भव परंपरा को समाप्त कर सकता है। भाव शुद्ध साधना का सर्वोत्तम मार्ग है। भावों ही भावों से जीव सातवें नरक गति में जा सकता है। तेरापंथ भवन में आज अपने प्रवचन के तीसरे दिन मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि सीढ़ियों से आप ऊपर भी जा सकते हैं और नीचे भी आ सकते हैं। संकल्प से सृष्टि और दृष्टि का निर्माण होता है। जैसा संकल्प होता है वैसा ही जीवन बन जाता है। जितने आपके संकल्प पवित्र होंगे, उतने ही आप परमगति प्राप्त करने की ओर अग्रसर होंगे। मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति भावों ही भावों में इतने कर्मों का बंधन कर लेता है कि वह उसे तोड़ नहीं पाता और उसी में फंसता चला जाता है। हमारी भावधारा जितनी पवित्र होगी उतना ही हमारा जीवन आनंदमय होगा। इसके लिए चार भावना जरूरी है और ये हैं पहला मैत्री भावना ,दूसरा प्रमोद भावना, तीसरा करुणा भावना और चौथा मध्यस्थ भावना। मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि गांठ लगाना आसान है किंतु उसे खोलना मुश्किल है। प्राणी मात्र के प्रति मैत्री भाव रहता है। हमारे साथ यदि कोई कुछ करता भी है तो उसे माफ कर देना चाहिए। मन में गांठ नहीं बांधनी चाहिए और यदि मन में कोई गांठ बन गई है तो उसे खोल दें। उन्होंने कहा कि प्रमोद भावना आज के युग में सबसे ज्यादा जरूरी है। दूसरों की उन्नति एवं सुख को देखकर हमारे मन में प्रसन्नता की भावना उत्पन्न होनी चाहिए। यही प्रमोद भावना है। उन्होंने कहा कि ईर्ष्या ऐसी आग है जो आत्मा के गुणों को जला देती है। जो स्वादु होता है वह साधु नहीं होता। व्यक्ति में करुणा भावना रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भीतर करुणा की भावना होती है तब आनंद आता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थ भावना वह होती है जो सुख में दुख में हर स्थिति में समभाव रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह चार भावना रखें तो जीवन आनंदमय हो जाएगा। इससे पूर्व नरेश मुनि ने कहा कि जो सच्चा धार्मिक होता है वह किसी का अहित नहीं करना चाहता। वह सबका अच्छा ही सोचता है। आप भी सच्चे धार्मिक बनें।

## बैठक में आयुक्त ने शतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूल करने को कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 मई।** स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रभारियों से चर्चा कर प्रतिदिन घर घर कचरा एकत्रित करने सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करने के निर्र्देश दिये। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो से कहा कि स्वच्छता दीदीया प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर एस.एल.आर.एम. सेन्टर में कचरा पृथककरण करती है। कुछ लोगों के द्वारा गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग न देकर एक साथ देते है, जिससे कचरा पृथककरण में असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि कचरा पृथककरण एवं स्वच्छता के लिए जनजागरूकता अभियान चलाना है और अभियान से नागरिकों को स्वच्छता से जोडना है। इस अभियान का मूल उद्देश्य स्त्रोत पर कचरे का पृथककरण करना है। इसका मतलब घर में ही कचरे को हरा डब्बा में गिला कचरा एवं नीला डब्बा में सुखा कचरा पृथककरण किया जाए, इसके लिये लोगों को जानकारी देवे। कचरा संग्रहण एवं पृथककरण के संबंध में सेन्टर प्रभारियों से आयुक्त श्री गुप्ता ने जानकारी ली। प्रभारियों ने अपना अनुभव साझा कर जानकारी देते हुये बताया कि कुछ लोगों के द्वारा कचरा पृथक कर नही दिया जाता इसके लिये उन्हें समझाईस दी जाती है और उनके घर के सामने कचरा पृथककरण कर दिखाया जाता है। जिसका प्रभाव भी पड रहा है और लोग अलग अलग कर कचरा दे रहे है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा यूजर चार्ज भी नहीं दिया जाता और डस्टबिन की मांग की जाती है। इस पर आयुक्त ने कहा कि सभी सेन्टर सुपरवाईजर प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र के मकानों का सर्वे करे और जिन मकानों से यूचर चार्ज नहीं मिल रहा है, उनकी सूची बनावे, रजिस्टर में इंद्राज करे व उन्हें समझावे कि यूजर चार्ज से ही स्वच्छता दीदीयों का वेतन दिया जाता है। साथ ही अलग अलग डस्टबिन स्वयं खरीदकर अलग अलग कचरा रखने घर में ही कचरा पृथककरण करने समझाईस देवे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि एसएलआरएम सेन्टर में प्रतिदिन आये हुये कचरे की उसी दिन पृथककरण करे तथा खाद बनाने की प्रक्रिया करे, बने हुये खाद का विक्रय करे। सेन्टर प्रभारियों ने कुछ सेन्टरों में पीठ बनाने की मांग किये, जिसपर उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को पीठ बनाने निर्देशित किये। इसके अलावा स्वच्छता दीदीयों ने सुरक्षा कीट की मांग की तथा कुछ सेन्टरों में नल नही होने, विद्युतिकरण, बाउण्ड्रीवाल बनाने तथा गाड़िया खराब होने की बात कही, जिस पर आयुक्त ने सुरक्षा कीट उपलब्ध कराने एवं अन्य व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने पी.आई.यू. से कहा कि प्रतिदिन सेन्टरों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। साथ ही सेन्टरों के कबाडी एक साथ एक दर पर बेचने सभी सेन्टर प्रभारियों को निर्देशित किये।

संपादकीय

# कई दलों के सामने होगा अस्तित्व का सवाल

हर देश में दो तीन दशक में राजनीति बदलती है। नए राजनीतिक दल बनते हैं और पुराने राजनीतिक दल मिट जाते हैं। खासकर क्षेत्रीय दलों की लाइफ दो तीन दशक से ज्यादा नहीं होती है। माकपा जैसी विचारधारा व काडर बेस पार्टी भी आज राज्यों में अपने अस्तित्व की लडाई लड़ रही है। ऐसे में परिवारवादी पार्टी का भविष्य पर सवाल उठना स्वाभाविक है। खासकर जब देश की जनता का मूड देश में एक मजबूत बहुमत वाली सरकार चुनने को हो तो ऐसे दलों को जनता ज्यादा पसंद नहीं करती है। क्षेत्रीय व परिवारवादी दलों का राजनीति में तब ही मत्त्व होता है जब देश में केंद्र में कमजोर सरकार होती है। कई दलों की साझा सरकार होती है। जब देश में एक मजबूत सरकार होती है तो जनता को क्षेत्रीय दलों की खास जरूरत नहीं होती है, उसे भी लगता है कि राज्य में केंद्र में एक ही दल की सरकार रहे तो राज्य व देश का विकास तेजी से होती है, भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा नहीं होता है। पहले जब कांग्रेस की केंद्र व राज्यो ं में मजबूत सरकार हुआ करती थी तो तब जनता क्षेत्रीय दलों को ज्यादा महत्व नहीं देती थी, तब जनता राज्य व केंद्र में कांग्रेस की सरकार की चुनती थी। कांग्रेस के कमजोर होने के बाद ही देश में साझा सरकारों का दौर चला और इसी दौर में कई राज्यों में परिवारवादी दलों का अस्तित्व सामने आया और आज यही दल कांग्रेस को राज्यों में मजबूत नहीं होने दे रहे हैं। कांग्रेस को राज्य में अपना अस्तित्व बचाने के लिए इन्हीं दलों की मदद लेनी पड़ रही है। जिन राज्यों में कांग्रस मजबूत हैं, वहां उसे भाजपा सत्ता में नहं आने देती है। एक बार सत्ता में आ भी जाती है तो उसे दोबारा नहीं आने देती है। इससे कांग्रेस की कई राज्यों में सरकार ही नहीं बची हैं। इस वक्त कांग्रेस की सरकार हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक मं बची है। इसके अलावा झारखंड,तमिलनाडु, में साझा सरकार है। इसका परिणाम यह हुआ है कि कांग्रेस आर्थिक रूप से कमजोर हो रही है, सांगठनिक तौर पर कमजोर हो रही है, उसके सत्ता में आने की कोई संभावना नहीं होने को देखते हुए उसके बड़े नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। इससे पार्टी को चुनाव जिताने वाले नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेस एक दुष्चक्र में फंस गई है। चुनाव में हार से पार्टी कमजोर हो रही है और पार्टी के कमजोर होने से कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पा रही है। माना जा रहा है कि भाजपा तीसरी बार चुनाव जीतेगी तो देश की पूरी राजनीति बदल जाएगी। कई क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व अगले लोकसभा चुनाव तक नहीं रहेगा। उनके लिए जरूरी हो जाएगा कि वह किसी दल में अपना विलय कर लें या फिर सब मिलकर एक मजबूत राष्ट्रीय साझा संगठन बनाए। यूपीए व इंडी गठबंधन तो भाजपा को हरा नहीं सका है, विपक्ष को इसके लिए कुछ नया सोचना होगा। इसमें क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस को भी गंभीरता से सोचना होगा कि भाजपा को हराना है तो क्या करना होगा। भाजपा के निरंतर मजबूत होते जाने से कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों के समाप्त होने का खतरा बढ़ गया है। इसे सबसे पहले शरद पवार ने महसूस किया है। इसको महसूस करते उन्होंने एक इंटरव्यू में संकेत किया है कि उनकी पार्टी का विलय कांग्रेस में चुनाव के बाद किया जाएगा। इसके अलावा कर्नाटक के जेडीएस का अस्तित्व अगले चुनाव तक शायद ही बचे, इसी तरह यूपी में बसपा के अस्तित्व पर सवल खड़ा हो गया है, उसे भी कुछ न कुछ करना होगा। सपा चुनाव हारकर कमजोर बनी रहेगी। बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी भी टूटेगी और उसका एक हिस्सा भाजपा व एक हिस्सा लालू की पार्टी में शामिल हो जाएगा। जहां भी कोई दल भाजपा के रास्त में बाधा बनेगा, या तो वह टूटेगा और कमजोर होकर समाप्त हो जाएगा या उनके नेता भाजपा में शामलि होते जाएगे। इससे वह पार्टी कमजोर होती जाएगी। भाजपा वही कर रही है एक समय में कांग्रेस किया करती थी, देश के तमाम राजनीतिक दलों को कमजोर बनाए रखों, उनकी आर्थिक,सामाजिक, सागंठनिक स्थिति को कमजोर बनाने का प्रयास निरंतर कर रही है। भाजपा जानती है कि देश के तमाम राजनीतिक दल कमजोर रहेंगे तब ही मजबूत रहेगी और जनता की एकमात्र पसंद बनी रहेगी। विकल्प होने पर ही जनता किसी को मौका देती है, भाजपा जनता के सामने कोई मजबूत विकल्प ही नहीं रहने देना चाहती है।

चिंतन

# समाजसेवा में सामूहिक हित की नीति अपनाना सच्ची सेवा

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर दुनियां के करीब करीब हर देश में मानव सेवा में समर्पित अनेक छोटी से बड़ी सेवा संस्थाएं समितियां संगठन संस्थाएं सेवादारी या फिर सामाजिक स्तर पर अनेकपंचायतें खाप पंचायते,सेवा संघ हितार्थ संघ व समितियां होती है, जो निस्वार्थ रूप से अलग-अलग क्षेत्र में मानव सेवा का बीड़ा उठाए हुए हैं, जिसमें उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है,जो के काबिले तारीफ है। परंतु उनके पीछे जो अनेक ऐसे व्यक्तित्व या संस्थाएं हैं उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं,ऐसे भी महामानवों कीछिपी सेवा को मानव समाज ने रेखांकित करना जरूरी है, क्योंकि वे तन से नहीं पर धन से, धन देकर पुण्य में भागीदार बन रहे हैं। मैंने अपनी राइस सिटी गोंदिया में भी ऐसे संगठन संस्थाएं देखे हैं जो पूर्ण रूप से पर्दे के पीछे सेवा में समर्पित हैं, उनका कुछ प्रचार नहीं है। जिनमें एक समिति का सराहनीय कार्य यह है कि, समाज में यदि किसी परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है तो स्वाभाविक है वहां खाना नहीं बनता, इसलिए यह संगठन संस्था उस परिवार में जाकर मेहमानों सहित सदस्यों की जानकारी लेकर उतने व्यक्तियों का भोजन निशुल्कसेवा भाव से देकर आते हैं, चाहे गरीब हो या अमीर सभी के लिए यह सेवा है, हम जानते हैं की मृत्यु की कोई समय सीमा नहीं है कभी भी मृत्यु हो सकती है परंतु यह संगठन तत्परता से उस दुखी घर में पहुंचकर यह सेवा प्रदान करता है जो काबिले तारीफ है। दूसरा संगठन यदि समाज में किसी व्यक्ति के किसी प्रोग्राम लंगर या भंडारे में भोजन बच जाता है, तो फोन से सूचना प्राप्त कर उनके सदस्य वहां पहुंचते हैं और वह बचा हुआ भोजन लेकर, रेलवे स्टेशन या बस स्थानक या गरीबों की बस्तियों, शेल्टर हाउस में जाकर उन्हें वह भोजन खिलाते हैं उनकी भूख तृप्ति करते हैं जो सेवा काबिले तारीफ सेवा है। परंतु बदलते परिपेश में बढ़ते दमतक स्वार्थ, लालच व सिर्फ मेरा मेरा मैं ही संस्थापक हूं यह मानवीय सोच ने इस पवित्र सेवा क्रम में भी परिवर्तन ला दिया है,जिसमें कुछतथाकथित संस्थापक, सेवादारी या एक कोई बढ़ते दमतक सेवा समिति खड़ी कर अपने आप को बहुत बड़ा मानवीय सेवक समाज सेवक सेवा का व्यक्तित्व बताने से बाज नहीं आते। पर्दे के पीछे उसे किसी गैर कानूनी खेल, प्राकृतिक संपदा,डोनेशन का घालमेल का खेल करते हैं और सामने में उस बढ़ते दमतक सेवा समिति की आड़ में क्षेत्रीय नेताओं विधायकों से पैठ जमाते हैं, ताकि उनके इस प्राकृतिक संपदा घालमेल या कुकर्म में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, इसलिए समाज की शीर्ष सामाजिक संस्था व पंचायतों को इसे रेखांकित करना होगा तथा ऐसे समितियों से समाज को सावधान रखकर उनकी इस चाल को रेखांकित कर देश की हर पवित्र पावन सच्ची देशभक्ति सेवा समिति को तत्परता से ध्यान देने व प्रोत्साहित करने की जरूरत है, ताकि उसे तथाकथित सेवा के माध्यम से छुपे सफेद पोशों के स्वार्थी ख्वाबों का भांडा फोड़ा जा सके। बता दें,17 जुलाई, 2023 तक देश में वैध एफसीआरए लाइसेंस वाले 16,301 एनजीओ थे। केंद्र ने कानून के उल्लंघन के लिए पिछले पांच वर्षों में 6,600 से अधिक एनजीओ के एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। कुल मिलाकर, बीते दशक में 20,693 एनजीओ के एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।गृह मंत्रालय ने विदेशी अनुदान के दुरुपयोग और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पांच जानेमाने गैर सरकारी संगठनों के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम लाइसेंस रद्द कर दिए हैं।इसलिए आज इसविषय पर आर्टिकल लिखने का विचार मेरे दिमाग में आया क्योंकि 7 मई 2024 को ही माननीय सुप्रीम कोर्ट का तथाकथित अवैध रेत खनन से संबंधित एक मनी लडिंग जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलों के कलेक्टरों को अनावश्यक परेशान नहीं करने को कहातो दूसरी ओर दिनांक 7 मई 2024 को ही राइस सिटी गोंदिया जिला के गोरेगांव के तहसीलदार व नायब तहसीलदार को रेत से लदे टिप्परों की चेकिंग के बाद सीज कर वाहनों के मालिकों को जुर्माने के रूप में 123833 का चालन बैंक से भरने का आदेश दिया परंतु उसके बावजूद एक लाख़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में सबूत जुटाने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने उनपर भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर लिया उल्लेखनीय है कि यहतहसीलदार 2017 में भी ठाणे महाराष्ट्र का तहसीलदार के रूप में कार्यरत थे और उस समय का भी 10 लाख की रिश्वत का मामला ठाणे सिटी पुलिस में भी दर्ज है ऐसा उनकी गिरफ्तारी के बाद मीडिया में रिपोर्ट किया गया,यह हम इसलिए कोट कर रहे हैं कि गैरकानूनी रेत खनन के व्यक्तितव सेवासमितियां बनाकर उसकी आड़ में समाज सेवा काम करते हैं,इसलिए मैंने सेवा समितियों के बारे में जांच की तो उनमें रेत व प्रकृतिकसंपदा खनन से संबंधित कारोबारी को भी पाया, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बढ़ते दमतक सेवा समितियों की आड़ में खेल,प्राकृतिक संपदा डोनेशन का घालमेल,समाज सेवा में फेल, इसलिए सामाजिक सेवासमितियों पंचायतों व संस्थाओं को समाज के हित को ध्यान में रखकर स्वार्थ को त्यागकर सेवा सर्वोपरि के मूल मंत्र पर चलना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम समाज और सामाजिक संस्थाओं को जानने की करें तो,आधुनिक समाज में सामाजिक संस्थाओं का लक्ष्य एक संरचना बनाना है, हालाँकि प्रत्येक समाज इन सामाजिक संस्थाओं की संरचना में भिन्न हो सकता है।अधिकांश समाजों में पाँच प्रमुख सामाजिक संस्थाएँहैंप्परिवार,अर्थव्यवस्था,धर्म,शिक्षा,सरकार या राज्य, प्रत्येक सामाजिक संस्था के अलग-अलग उद्देश्य होते हैं और अलग-अलग सामाजिक भूमिकाएँ निर्धारित होती हैं। संस्थाओं के अपने सांस्कृतिक प्रतीक होते हैं जो समय के साथ कायम रहते हैं। उदाहरण के लिए, विश्वविद्यालयों या स्कूलों जैसे शैक्षणिक संस्थानों का अपना, शुभंकर और पहचान होती है। सरकारी संस्थानों के अपने रीति-रिवाज और प्रक्रियाएं होती हैं जिनका नागरिक उनके गठबंधन के हिस्से के रूप में पालन करते हैं।दुनिया भर के समाजों में सामाजिक संस्थाओं का एक अलग पदानुक्रम हो सकता है जो उनकी संस्कृति और दैनिक जीवन को प्रभावित करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों में, इस बात के प्रमाण हैं कि धार्मिक संस्थाएँ उनके शैक्षणिक संस्थानों को प्रभावित करती हैं। इसका प्रभाव पाठ्यक्रम के विकल्पों , सामाजिक अपेक्षाओं और यहां तक ??कि उपलब्ध स्कूली शिक्षा विकल्पों में भी देखा जाता है। एक सामाजिक संस्था सामाजिक मानदंडों और सामाजिक भूमिकाओं की एक परस्पर संबंधित प्रणाली है जो व्यवस्थित होती है और व्यवहार के पैटर्न प्रदान करती है जो समाज की बुनियादी सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने में योगदान करती है। उदाहरण के लिए, समाज को कानून, शिक्षा और एक आर्थिक व्यवस्था की आवश्यकता होती है।एक सामाजिक संस्था एक ऐसा समूह है जो किसी समाज में एक विशिष्ट कार्य या उद्देश्य को पूरा करता है। सामाजिक संस्थाएं लोगों को एक साथ लाती हैं और उन्हें सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं। वे समाज की संरचना और कार्यप्रणाली को भी आकार देती हैं।सामाजिक संस्थाओं के कई कार्य होते हैं,जैस सामाजिक संस्थाएं लोगों को एक साथ लाती हैं और उन्हें सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं।सामाजिक संस्थाएं सामाजिक नियंत्रण प्रदान करती हैं, जिसका अर्थ है कि वे लोगों को अनुचित या हानिकारक व्यवहार से रोकती हैं। सामाजिक संस्थाएं सामाजिक परिवर्तन को भी बढ़ावा दे सकती हैं। साथियों बात अगर हम संस्था/संगठन के रजिस्ट्रेशन की विधि को जानने की करें तो, संस्था के रजिस्ट्रेशन के पूर्व संस्था का विधान तैयार कर लें, उसका स्वरूप आपने क्या निर्धारित किया है,संस्था के कितने सदस्य है,संस्था की सामान्य सदस्यों की साधारण सभा होगी, यह सभा संस्था के पदाधिकारी व कार्यकारिणी का चुनाव करेगी । विधान में उद्देश्य स्पष्ट होंगे । इस संस्था को आप एक ट्रस्ट बनाना चाहते हैं या सोसायटी । तदनुसार ट्रस्ट एक्ट या सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत आप रजिस्ट्रार कार्यालय में आवेदन करें । उसमें आपने जो गठन की प्रक्रिया की है उसका उल्लेख हो,अच्छा हो कि इस काम में आप किसी योग्य वकील की सेवाएं ले लें तो काफी आसानी होगी । रजिस्ट्रार महोदय आपसे आपकी प्रस्तावित संस्था के बारे में आवश्यक जानकारियां मांग सकते है, कुछ स्पष्टीकरण मांग सकते हैं पंजीकरण के लिए निर्धारित शुल्क लगेगा। संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 की धारा 1-ख के प्रावधानानुसार किसी साहित्यिक, वैज्ञानिक या पूर्त प्रयोजन के लिए या किसी ऐसे प्रयोजन के लिए जो धारा 20 में वर्णित है, सहयुक्त कोई सात या अधिक व्यक्ति एक संगम के ज्ञापन में अपने नाम हस्ताक्षरित करके और उसेरजिस्ट्रार के पास दाखिल करके इस अधिनियम के अधीन अपने आपको सोसाइटी के रूप में गठित कर सकेंगे।उक्त अधिनियम की धारा 2(1) के प्रावधानानुसार संगम के ज्ञापन में निम्नलिखित बाते होगी, अर्थात्,(क) सोसाइटी का नाम,(ख) सोसाइटी के उद्धेश्य,(ग) परिषद्, समिति या अन्य शासी निकाय के, जिनको कि सोसायटी के नियमों और विनियमों द्वारा उसके काम-काज का प्रबन्ध सौपा गया है, व्यवस्थापकों निदेशकों, न्यासियों, सदस्यों (जिस किसी भी नाम द्वारा उन्हें पदाविहित किया जावे) के नाम, पते और उपजीविकाएं। साथ ही उक्त अधिनियम की धारा 2(2) में प्रावधान है कि सोसाइटी के नियमों और विनियमों की एक प्रति जो शासी निकाय के व्यवस्थापकों, निदेशकों, न्यासियों या सदस्यों में से तीन से अन्यून द्वारा सही प्रति के रूप में प्रमाणित हो, संगम के ज्ञापन के साथ प्रस्तुत की जायेगी।आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों की सूची व ध्यान रखने योग्य बातेंसभी आवेदक एवं शासी निकाय (कार्य कारिणी) सदस्यों के आधार कार्ड संख्या,संस्था के उद्देश्यसंस्था के नियम एवं विनियम विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप में आवेदकों की सुविधा हेतु प्रस्तावित सोसाइटी के उद्देश्य एवं नियम और विनियम का सुझावात्मक प्रारूप डाउनलोड किये जा सकने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। आवेदक चाहे तो स्वयं के स्तर से अधिनियम के प्रावधानों से सुसंगत रहकर तैयार किये गये उद्देश्य एवं नियम और विनियम तीन पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित रूप में पी.डी.एफ. फॉर्मेट मेंऑनलाइन आवेदन के साथ यथास्थान अपलोड कर सकते है ऑनलाइन पंजीयन हेतु संस्था के सभी आवेदक सदस्यों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के आधार कार्ड नंबर अनिवार्य होंगे जो ऑनलाइन आवेदन में भरने होंगे।आधार कार्ड का ओ.टी.पी. संबंधित मोबाईल नम्बर पर प्राप्त कर उसकोऑनलाइन पंजीयन हेतु फीड करना होगा, ताकि आवेदन पत्र भरा जा सके।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बढ़ते दमतक सेवासमितियों की आड़ में खेल-प्राकृतिक संपदा डोनेशन का घालमेल समाज़ सेवा में फेल।समाज़ सेवा में व्यक्तिगत हित को त्यागकर सामूहिक हित की नीति अपनाना सच्ची सेवा है सामाजिक सेवा समितियों पंचायतों व संस्थाओं को समाज़के हितों को ध्यान में रखकर,स्वार्थ त्यागकर सेवा सर्वोपरि के मूल मंत्रपर चलना ज़रूरी है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज वर्क स्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे। संतान पक्ष से कोई खुशखबरी मिलेगी। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा। सेहत के मामले में सावधान रहें।

वृष राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता बनाएं रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, व्यापारिक योजनाओं को लेकर थोड़ी सतर्कता बरतें। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। लवमेट आज कही घूमने जाएंगे। मेडिकल के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज आपके व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अगर आज जॉब चेंज करना चाहते हैं तो सोच-समझ कर ही करें। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। लवमेट के रिश्तें में और मधुरता बढ़ेगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज किसी को मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाये। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते हैं, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें। पारिवारिक मामले में आज आपका निर्णय कारगर साबित होगा। पहले से चल रही किसी श्वस्ङ्क से आज छुटकारा मिलेगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से आज आपको बचना चाहिए। टूर-ट्रेवल्स से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। माता आज अपने बच्चो को कुछ मीठा बना के खिला सकती हैं। घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य का आज ध्यान रखना होगा। जीवनसाथी से आज कोई उपहार मिलेगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में आप कुछ बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज स्टूडेंट्स को कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज फैमिली वालों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। नव विवाहित दंपति आज एक-दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे। वकील वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। अचनाक किसी क्लाइंट से धन लाभ होगा। कोई प्रॉपर्टी लेने की चल रही बात आज फाइनल हो जाएगी।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच-समझकर लेने चाहिए। घरवालों के साथ किसी मंदिर भगवान के दर्शन करने जाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक रहने वाला है। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्ग दर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज किसी को दिए पैसे आपको वापस मिल जाएंगे। इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी बड़ी कंपनी से कॉल आएगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए हैं। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी, आज आप सत्संग करवा सकते हैं। आज घर के बड़े बुजुर्गों का खास ख्याल रखें, जिससे उनका आपके प्रति प्रेम बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह की चल रही बात फाइनल हो जाएगी।

मकर राशिः आज आपका दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। जीवनसाथी आज आपको खुश होने की वजह देंगे। आप दोस्तों के साथ कुछ ख़ुशी के पल बितायेंगे। किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपको लाभ होगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आज आपका दांपत्य जीवान शानदार रहने वाला है, जीवनसाथी आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। साथ ही एक दूसरे को उपहार भी देंगे। बच्चों की पढाई के लिए जरूरी सामान की खरीदारी करने मार्केट जाएंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-ख़ुशी रहेंगे। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्ट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। माता-पिता आपको कोई गिफ्ट देंगे, इससे पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता बनी रहेगी। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

व्यंग्य

# सोच कैसी-कैसी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

कवि भी बड़े कमाल के होते हैं। पहुँच हुए कवि की पहुँची हुई सोच होती है। उनकी कल्पना किसी की चाल को हिरण की चाल से तो किसी की सुंदर आँखों की तुलना मृग के नयनों से करती है। किसी की बोली कोयल के मुख से तो किसी के नाच की तुलना मोर के थिरकते कदमों से करते हैं। मैं कवि नहीं हूँ। इसीलिए मूरख हूँ। मूरख हमेशा 'अलग' सोचता है। मैं कवियों की कल्पना की तरह न तो हिरण की चाल बनना चाहता हूँ, न मृगनयनी। न स्वरकोकिला और न नाट्यमयूरी। मैं तो कबूतर का पिछवाड़ा बनना चाहता हूँ। हँसिए मत। आपने ठीक सुना... जी हाँ मैं कबूतर का पिछवाड़ा बनना चाहता हूँ। कबूतर का पिछवाड़ा बनना मेरे लिए बहुत ही गौरव और हर्ष का विषय होगा। शरीर के अंगों में पिछवाड़े का बड़ा महत्व होता है क्योंकि जो दूर की नजर रखता है वह पहले इसी पर ध्यान देता है। इसके सुचारू रूप से कार्य करने पर ही शरीर का भविष्य टिका होता है। इसलिए अगर मैं कबूतर का पिछवाड़ा बनता हूँ तो अपने आप को बहुत ही किस्मत वाला समझूँगा क्योंकि देश की सेवा करने का मौका हर किसी के नसीब में नहीं होता है। आप सोच रहे होंगे कि देश की सेवा से कबूतर के पिछवाड़े से क्या लेना-देना? बरखूरदार! कबूतर का पिछवाड़ा कोई मामूली पिछवाड़ा नहीं होता। बड़े काम की चीज़ है। यह इंसानी नाभि से जानलेवा हेपेटायटिस के कीड़े खींच लेता है तब इसके लिए देश क्या चीज़ है। मनुष्य की जरूरी मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान है। इनके बिना इंसान कुछ नहीं है। आज हमारे देश की दुर्दशा बहुत बुरी है क्योंकि यहां पर लाखों करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए भोजन, पहनने के लिए कपड़ा और रहने के लिए घर नहीं है। मैं इनकी समस्याओं को मिटाने और आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए कबूतर का पिछवाड़ा बनकर जमाखोरों, सूदखोरों, लूटखोरों की बंद तहखानों से इनका जमा, सूद और लूटा हुआ माल सब खींच ले आऊँगा। तब लोग रोटी, कपड़ा और मकान की कमी से कतई नहीं रोयेंगे, बिलखेंगे, चिल्लायेंगे और मरेंगे। कबूतर का पिछवाड़ा बनने पर सभी देशों के साथ आपसी सहयोग और मित्रता का व्यवहार रखूँगा। गुट- बंदी वाले देशों के साथ भी मित्रता का व्यवहार रखता। परमाणु शस्त्रों पर प्रतिबंध लगाने का पूरा समर्थन करता। मैं देश को युद्ध से दूर रखता और दुश्मन देश की नाक के नीचे से शस्त्रबल, न्यूक्लियर बम, अणु बम सब खींच लाता। न रहेगी बाँस न बजेगी बाँसुरी। मैं अक्सर देखता हूं कि हमारे देश की शिक्षा पद्धति बिल्कुल सही नहीं है। मैं कबूतर का पिछवाड़ा बनने पर इस विषय की ओर विशेष ध्यान दूँगा। हमारे देश के हर नागरिक को शिक्षित करने के लिए देश के हर कोने-कोने से बच्चों को स्कूल तक खींच लाऊँगा। शिक्षा के लिए जरूरी बजट भी खींचने का पूरा प्रयास करूँगा। इन सबसे पहले मैं देश के हर नागरिक का नैतिक स्तर सुधारने की पूरी कोशिश करूंगा। इसके अलावा आतंकवाद, नशीली दवाओं का सेवन, भ्रष्टाचार, बलात्कार, अशिक्षा, दहेज प्रथा, शराब का अधिक मात्रा में प्रयोग आदि इन सभी बुराइयों में लिप्त युवाओं को खींच लाने की पूरी कोशिश करूंगा । इसके अलावा लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए देशद्रोही कार्यों से उन्हें बाहर खींच लाऊँगा। तनिक सोचिए। मेरे एक अकेले के कबूतर का पिछवाड़ा बनने से देश का जब इतना भला हो सकता है तब असंख्य लोगों के बनने से कितना लाभ हो सकता है। इसीलिए कवि कबूतरबाज कहते हैं-



चाह नहीं मैं जिह्वा बनकर, इसके उसके तलवे चाटूँ।
चाह नहीं मैं पेट बनकर, दाने-दाने को तरसूँ।
चाह मेरी बस इतनी है, हे दुनिया बनाने वाले,
देशहित एक बार बस, कबूतर का पिछवाड़ा बना दे।।

विश्लेषण

# अपने ईष्ट को सड़कों पर नचाना कैसी श्रद्धा ?

मनोज कुमार अग्रवाल



इन दिनों भगवान के स्वरूपों को पंडालों शोभायात्रा संकीर्तन यात्रा में सड़कों पर नचाने का नया रिवाज चल निकला है क्या यही है हमारे अपने मान बिंदुओं के प्रति आस्था के प्रदर्शन का तरीका? यह क्या हो रहा है हमारे हिन्दू समाज को खासकर सनातन धर्म में जितनी मनमानी लोग कर रहे हैं शायद ही किसी अन्य धर्म के श्रद्धालु इस तरह की मनमानी भरी क्रियाकलाप करते हैं।

आपको बता दें कि करीब छह सौ साल पहले 1486 में जन्मे चैतन्य महाराज ने भक्ति का नृत्य से समन्वय कर हिन्दू सनातन समाज को श्रद्धा भक्ति और आस्था के मार्ग पर प्रशस्त किया था। भाव विभोर भक्तों का सुध बुध खो कर हरे कृष्णा का संकीर्तन करते हुए गांव गांव भक्ति की रसधारा का प्रवाह किया।

आपको बता दें कि हमारे यहां भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित घटनाओं का रासलीला में चित्रण करने की परम्परा भी कई सौ साल पहले 1776 में शुरू हुई। शुरुआत में बृज क्षेत्र के मंदिरों धर्म शालाओं व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भगवान के रूप और गुण का गुण गाने करने के लिए रासलीला का सिलसिला शुरू हुआ। क्योंकि हजारों वर्ष से मथुरा वृंदावन बरसानाबृज क्षेत्र में भगवान के धाम व लीला स्थलो को देखने के लिए श्रद्धालु देश भर से आते थे उन श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति और आस्था की रसधार प्रवाहित करने के लिए मथुरा वृंदावन के गुसाईं ब्राह्मण परिवार भगवान के स्वरूप बना कर रासलीला दर्शाते थे कालांतर में यह रासलीला बृज क्षेत्र की सीमाओं से बाहर निकल कर देश भर में आयोजित की जाने लगी। रासलीला के दौरान भगवान कृष्ण राधा के पात्रों को झांकी पावन चरित्रों को आमजन तक पहुंचाने के लिए दर्शायी जाती थी मथुरा वृंदावन बरसाने के छल कपट से दूर सात्विक भोजन व मर्यादित आचरण करने वाले ब्राह्मण परिवार के सदस्य बच्चों समेत देश भर में घूम घूम कर रासलीला का मंचन करते। यही इन सैकड़ों हजारों परिवार की रोजी-रोटी जरिया था। फिर एक और दौर आया करीब ढाई सौ साल पहले 1860 में रामलीलाओं का आयोजन करने का सिलसिला शुरू किया गया।इस की शुरुआत चित्रकूट वाराणसी लखनऊ से हुई। तुलसी लिखित रामचरित मानस पर आधारित ऐतिहासिक पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप रामलीला का चित्रण किया जाता था इस का उद्देश्य भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पावन चरित्र के उदात्त प्रसंगों का चित्रण कर आम जनमानस को श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लेने के लिए आकर्षित करने का था धीरे-धीरे यह रामलीला आयोजन भारी विस्तार ले गए और श्री राम लीला उत्तर भारत के हर गांव कस्बे शहर में आयोजित की जाने लगी और धीरे-धीरे यह रामलीला आयोजन मेला बन गए। इसी दौरान करीब 50-60 साल पहले रामलीला के दौरान दर्शकों को मनोरंजन के लिए धनुष यज्ञ और राम बारात आदि में नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने लगे इसके बाद तमाम गांव कस्बों की छोटी-बड़ी ज्यादातर रामलीलाओं में इस तरह का सिलसिला चल निकल की रामलीलाओं के मंचों पर नृत्य डांस के प्रोग्राम होने लगे इनमें कुछ स्थानों पर फूहड़ डांस भी किए जाने लगे। शुरू में पुरूष कलाकार ही महिला स्वरूप बना कर नृत्य पेश करते लेकिन धीरे-धीरे महिला कलाकारों को नृत्य के लिए बुलाया जाने लगा।अब स्थिति इस हद तक पहुंच गई है कि इन मेलों में बार बालाएं भी स्टेज पर डांस के लिए बुलाया जाने लगा। वही रासलीला में भगवान कृष्ण और राधा सुदामा सरीखे पात्रों को नृत्य करते दिखाए जाने लगा उधर बीते चार पांच दशक में माता के जागरण का आयोजन किया जाने लगा। शहर कस्बों में अनेक जागरण मंडलियों आरकेस्ट्रा ग्रुपों द्वारा फिल्मी गीतों की तर्ज पर माता के गुणगान का सिलसिला शुरू किया गया जो धीरे-धीरे भगवान के स्वरूप की झांकी और फिर स्वरूपों के नृत्य प्रस्तुतियों में तब्दील हो चला है इसी के साथ बीते दो दशक में माता के जागरण की तर्ज पर ही खाटू श्याम संकीर्तन भी बड़े पैमाने पर आयोजित किए जाने लगे हैं इन आयोजनों के साथ ही माता की चौकी बालाजी संकीर्तन के आयोजन निजी व संस्थाओं के माध्यम से बड़ी तादाद में हर शहर कस्बे में किए जाने लगे हैं। इस में कुछ भी बुरा नहीं है लेकिन चैतन्य महाप्रभु की भाव विभोर नृत्य वाली भक्ति अब सिर्फ मनोरंजन और दिखावे वाले मनमाने नृत्य में बदल गई है यह सिलसिला तमाम रथ यात्राओं और दूसरे धार्मिक आयोजनों में चल निकला है सड़कों पर नाचते गाते लोग भगवान के स्वरूप को नचाने लगे हैं भक्त नाचे तो यह चलेगा लेकिन सड़कों पर गरिमा का बिना ध्यान किए भगवान के स्वरूप को नचाने का सिलसिला यकीनन शर्मसार करने वाला है यानि हम नाच रहे हैं तो आप भी नाचिए। तमाम शोभा यात्रा में इस तरह के भगवान के स्वरूप को नृत्य करते हुए प्रदर्शन किया जाने का सिलसिला शुरू हो गया पिछले 30-40 साल में कावड़ यात्रा एक बड़ा आयोजन बन गई इसमें भी गौरा और शिव के स्वरूप को नचाने का सिलसिला चल निकला कावड़ यात्रा के दौरान तमाम तरह की भोजपुरी व हरियाणवी लोक संगीत में गीतों की कैसेट सीडी आने लगी जिन पर भगवान शिव और गौरा के स्वरूप को केंद्र में रखकर बेहद आपत्तिजनक बोल तैयार किए गए और देखते ही देखते इन पर गौरा शिव का स्वरूप धारण कर कलाकार सड़कों पर मटकते लगे यह सिलसिला यहीं रुकने वाला नहीं था काली और महाकाल भी सड़कों पर खिलाए जाने लगे हद तो तब हो गई जब गाना तैयार किया गया छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना हनुमान जो भगवान रूद्र के ग्यारहवें अवतार हैं नवरूद्रो में से एक हैं मान्यता है कि हनुमान अमर अजर अविनाशी हैं जिन्हें अष्ठ सिद्धी और नव निधि का वरदान माता सीता से मिला है और हमारे आस्था के सबसे जीवंत पावन पवित्र स्वरूप है उनके स्वरूप को भी घुंघरू बांध कर भक्त लोग जागरण रथ यात्राओं शोभायात्राओं में सड़क पर नचाने लगे हैं यह श्रद्धा भक्ति और आस्था का कैसा प्रकटीकरण है? हम अपने मनोरंजन के लिए भगवान के पावन स्वरूपों को मल मूत्र से सनी सड़कों पर अमर्यादित गानों के भोंडे बोल पर शोभायात्रा में नचाकर आनंदित हो रहे हैं आप को बता दें कि पूर्व में रासलीला और रामलीला में जो कलाकार अभिनय करते थे वह इन आयोजनों के दौरान शुद्ध सात्विक भोजन तमाम तरह के व्यसन का त्याग और भूमि पर शय्या लगा कर सोते थे इन स्वरूप में भारतीय आम जन मानस साक्षात भगवान के दर्शन महसूस करता था। लेकिन कहाँ से चल कर अब कहाँ आ पहुंचे हैं हम। हम जिन अपने आदर्श भगवान के चरित्रों को शराब व गुटका खाए कलाकारों को सड़कों व पंडालों में नचाकर इसे सनातन धर्म का हिस्सा मानकर गर्व और गौरव महसूस कर रहे हैं क्या हमारे पतित पावन मान बिंदु चरित्र मनोरंजन के लिए है? भगवान के पावन स्वरूप का इस तरह का अमर्यादित गलत इस्तेमाल करने को कैसे उचित कहा जा सकता है? ऐसे लोगों की बुद्धि पर शरम का अनुभव किया जाए हम सनातन धर्म के अनुयायियों को कहीं ना कहीं कोई ना कोई आचार संहिता तैयार करनी होगी ताकि हमारे मान बिंदुओं का इस तरह का मनोरंजन के माध्यम बनाने का खेल तत्काल रुकना चाहिए।

# अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों के निराकरण में बरतें संवेदनशीलता: कमिश्नर

**जगदलपुर,10 मई।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों के निराकरण में संवेदनशीलता के साथ पक्षकारों की समस्याओं को प्राथमिकता दें। इसके लिए कार्यालय प्रमुखों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी, ताकि मृत शासकीय सेवक के परिजनों को तत्काल सहायता मिल सके। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के मामलों को जिला स्तरीय समिति के द्वारा अनुमोदित कर शासन के नियमानुसार नियुक्ति की कार्यवाही कर 10 जून तक सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही अधिसूचित क्षेत्रों में शासकीय सेवको के निधन से उसके परिवार के आश्रित सदस्य को विभाग में तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु निर्धारित 10 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर 25 प्रतिशत सीमा के पद पर आरक्षित करने के शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करने के निर्देश कमिश्नर ने दी। कमिश्नर श्री धावड़े संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में बस्तर संभाग



के जिलों के अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अनुकम्पा नियुक्ति, संभागीय कार्यालयों के सभी अधिकारियों की अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली।

कमिश्नर ने कहा कि वर्तमान में आचार संहिता प्रभावशील है इस बीच अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी सभी आवश्यक कागजी कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति के लिए शासन ने प्राथमिकता से प्रकरणों के लिए निराकरण हेतु विशेष निर्देश दिए हैं, इसके लिए जिला स्तर पर समय-सीमा की बैठक में लगातार समीक्षा किया जाए। साथ ही तृतीय, चतुर्थ श्रेणी पर अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही जिला स्तर पर किया जाना है इस हेतु अनुकम्पा नियुक्ति के लिए जिलों में विशेष शिविर आयोजन करने के निर्देश दिए, जिसमें सभी विभाग के द्वारा अनुकंपा के प्रकरणों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर आवश्यकता वाले दस्तावेजों को शिविर स्थल पर ही बनवाने की कार्यवाही करते हुए प्रकरणों का निराकरण करें।

कमिश्नर ने बताया कि संभाग स्तर में तृतीय श्रेणी के 48,487 स्वीकृत पद में से 14,357 रिक्त हैं इसी प्रकार चतुर्थ श्रेणी के 12,535 स्वीकृत पद में से 3272 पद रिक्त हैं। जिसमें स्वीकृत पदों के आधार पर 25 प्रतिशत पदों में अनुकम्पा नियुक्ति कार्यवाही की जा सकती है। सभी जिलों में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर को बनाया गया है। संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति के लगभग 188 लंबित प्रकरण हैं। कमिश्नर ने अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में संभाग स्तर पर शिकायतों के निराकरण हेतु डिप्टी कमिश्नर श्री बीएस सिदार मोबाईल नम्बर 9977124830 और कमिश्नर कार्यालय के स्टेनो श्री हरेन्द्र जोशी दूरभाष नम्बर 07782-231190 को अधिकृत किया है। इसके अलावा जिला कार्यालय से भी टोल फ्री नम्बर जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिलावार समीक्षा करते हुए कोण्डागांव मे विधानसभा निर्वाचन के दरमियान हुए दुर्घटना में मृतक शासकीय सेवकों के आश्रित परिजनों को जल्द अनुकंपा देने के निर्देश दिए। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में विभागों द्वारा राज्य स्तर पर भेजे गए प्रकरण को वापस मंगवाकर उसका जिला व संभाग स्तर पर निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्ति व परिवार के सदस्य को नक्सल पुर्नवास नीति के तहत पात्रता और योग्यता के आधार पर शासकीय सेवा में नियुक्ति के प्रावधानों पर भी चर्चा किया गया। जिसमें पुर्नवास नीति के तहत आर्थिक सहायता के साथ सातों जिलों में 1640 प्रकरणों में से 617 पर ही शासकीय सेवा में नियुक्ति दी गई है। लंबित प्रकरणों को जिला स्तरीय पुर्नवास नीति के समिति द्वारा नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बैठक में केंद्रीय पुर्नवास नीति 2009 की योजना पर भी जानकारी दी गई ।

## एक नजर

### बैठक में बाल विवाह रोकने के लिए भी ली गई शपथ

**कांकेर 10 मई।** जिला में राज्य बाल संरक्षण विशेषज्ञ यूनिसेफ चेतना देसाई साथ ही यूनिसेफ सलाहकार स्नेहिल के द्वारा कराया गया संस्था का बैठक। बैठक में बाल संरक्षण विशेषज्ञ के द्वारा कहां गया कि सभी संस्था और स्वयंसेवक एक दूसरे के सहयोग से जिले में नया लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं । आगे सभी साथ मिलकर सहयोग की भावना से कार्य करें ताकि एक नये लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। साथ ही बाल विवाह रोकने के लिये शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के छहृष्ट वाजिद खान के द्वारा तारुण्य वार्ता के विषय में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक अमित बघेल ,कांकेर जिले के सभी संस्था के सदस्य साथ ही स्वयंसेवक व यूनिसेफ कांकेर के जिला समन्वयक अभिनय सिंह, रम्या कौशिक, दीपक गोजे उपस्थित रहे।

### मृतक के परिजनों से मिले खुज्जी विधायक भोला राम साहू



**छुरिया 10 मई।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू गिदर्री निवासी कलीराम पटेल के सुपुत्र रूपेश पटेल का व संबल पुर निवासी चमन राम के सुपुत्र चोवाराम का आपस में मोटर साइकिल के भिड़त से सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया है उनके घर पहुंचकर इस दुख के घड़ी में परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया और मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### विधायक ने दी जिले की टापर वंशिका साहू को बधाई

**छुरिया 10 मई।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के हालेकोसा छुरिया जिला राजनांदगाँव निवासी वंशिका साहू पिता तोरन लाल साहू,माँ संगीता साहू की बेटी है जो स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम में अध्ययन थी राजनांदगांव जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने उन्हें बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई 10 वीं और 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।जिन लोगों को आशा के अनुरूप परिणाम नहीं मिला है, वे निराश न हों , निरंतर मेहनत करो और आगे बढ़ो निश्चित रूप से आपको सफलता मिलेगी।

### भूपेश सरकार के शुरु किये गये आत्मानंद स्कूलो की सार्थकता दिखने लगी

**रायपुर 10 मई ।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा मध्यम वर्ग गरीबों के लिये शुरू किये गये आत्मानंद स्कूलो की सार्थकता दिखने लगी। भाजपा जिस स्वामी आत्मानंद स्कूल को बंद करना चाहती है। उसी स्वामी आत्मानंद स्कूलो के बच्चे 10वीं, 12वीं की प्रावीण्य सूची में 70 प्रतिशत से अधिक स्थान बनाया है। 12वीं की प्रावीण्य सूची में टॉप टेन में 8 बच्चे और 10वीं की प्रावीण्य सूची में टॉप 10 में 21 बच्चों ने स्थान बनाया है। बेहद दुर्भाग्यजनक है भाजपा सरकार इसी आत्मानंद स्कूल को बंद करना चाहती है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना गरीबों और मध्यम वर्ग के बच्चों के लिये संजीवनी है। इस स्कूल में बच्चों को मुफ्त अंग्रजी माध्यम की पढ़ाई कराया जाता है। निजी स्कूलों में एक बच्चे का अंग्रजी माध्यम की पढ़ाई में औसतन प्रति माह 8 हजार से 9 हजार रू. का खर्च आता है।





**जगदलपुर, 10 मई ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के एलडब्लूई जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता योजना की क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर श्री प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लक्ष्मण सागर संजीवनी की राह तकते आस्तित्व ही न खो दे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद 10 मई ।** एक ओर जहां देश भर में रामनाम और उनसे जुड़े संस्थाओं और स्थानों की छत विशेष देख रेख हो रही है ।वहीं नगर पंचायत कुरुद में स्थित राम और लक्ष्मण नाम से बने तालाबों की सूद नहीं ली जा रही है। जबकि नगर में ऐतिहासिक तालाबों का बड़ा ही महत्व है यहां अभी ऐसे 10 तालाब हैं जहां लोग निस्तारी करते हैं। तालाबों का निर्माण और कुछ ऐतिहासिक घटनाओं के कारण तालाबों का नामकरण भी किया गया है। इसी तारतम्य में यहां रामसागर, और लक्ष्मण सागर, नाम का भी दो तालाब हैं। जिसमें से लक्ष्मण सागर तालाब 50 वर्षों से भी अधिक समय से शासन की सौंदरीकरण संजीवनी की राह ताक रहा है। कहीं इसके बिना इस तालाब का अस्तित्व ही न मिट जाए। नगर पंचायत कुरुद के वार्ड क्रमांक 5 में रामसागर तालाब है इसकी दशा भी कुछ लक्ष्मण सागर ही जैसी है। यहां जलकुंभी की चादर से बिछी हुई है, चारों तरफ कचरो का अंबार लगा हुआ है, तालाब के बीच में कीचड़ का दलदल स्थित है ।यहां लोग तो क्या पशु और पक्षी भी पानी नहीं पी सकते। बल्कि प्रदूषण फैल रहा है ।यहां तालाब के समीप ही मुक्ति धाम है। जो काफी पुराना है। रामसागर तालाब भी शासन की योजनाओं की बाट जोह रहा है। सौंदरीकरण के लिए तरस गया है। वार्ड पार्षद ने कई बार नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयत्न किया, लेकिन एक भी नहीं सुनी गयी। लोगों का कहना है कि रामसागर तालाब के सौंदयी?करण से नगर वासियों को एक अच्छा वातावरण मिलता जहां लोग सुबह-शाम सैर कर सकते। वार्ड क्रमांक 7 में लक्ष्मण सागर नमक तालाब स्थित है लोगों के घरों में सुविधा होने के कारण तालाबों की उपयोगिता नगण्य हो चुकी है। इसीलिए यह तालाब घास फूस और जलकुंभी से पट चुका है, इसके पार भी पूरी तरह बैठ चुकी है। जहां कटीली झाड़ियां उग आई है, इस तालाब के समीप भी एक मुक्तिधाम स्थित है। जहां समाज विशेष के लोग दाह संस्कार कार्यक्रम करते हैं, लक्ष्मण सागर तो नाम अवश्य रखा गया है। लेकिन शासन की अनदेखी के कारण अपने नाम के अनुरूप उसका सौंदर्य नहीं है। (1) थान सिंह राजपूत नागरिक तालाबों की साफ सफाई और सौंदयी?करण नगर के सौंदर्य को बढ़ाता है इसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत कुरूद की है। सफाई करना अथवा नहीं करना पदाधिकारीयों की मंशा के अनुरूप है। (2 )कन्हैया सिंहा नगर पंचायत प्रशासन नागरिकों की बात नहीं सुनते और ना ही कभी सलाह मशविरा के लिए कभी बात रखी है, तालाब ,कुआं, नगर का ऐतिहासिक स्थल है इसका संरक्षण आवश्यक है पार्षदों को यह बात नगर पंचायत की बैठक में रखनी चाहिए। (3) बिशाली निर्मलकर हमारी नई पीढ़ी तालाबों के मॉडल को यथार्थ रूप में देखे ना की चिन्हों में । ऐसा ना जाए इसीलिए जल का संरक्षण और संवर्धन जरूरी है। (4)दीपक बैस वरिष्ठ नागरिक तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ गहरीकरण भी आवश्यक है, क्यों कि जल स्तर को बनाए रखने के लिए वर्ष के जल को तालाब ,कुआ, डाबरी, बांध इत्यादि के माध्यम से संरक्षित रखा जा सकता है ।जो मानव जीवन के लिए उपयोगी है।

### प्रयास विद्यालय के 4 विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर टॉप टेन में बनाई जगह

**कांकेर 10 मई।** प्रयास विद्यालय के 10 मई। वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के 03 बालिका एवं 01 बालक सहित 04 विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने राज्य स्तर पर मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले जिले के विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि प्रयास विद्यालय के कक्षा 10वीं में 91 विद्यार्थियों में से 43 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। कुल 84 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं और परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। 12वीं में 89 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 75 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किये हैं और परीक्षा परिणाम 94.38 प्रतिशत है।

## सीईओ जिला पंचायत ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**धमतरी 10 मई।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जनपद पंचायत नगरी की सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य प्रारंभ किये जावें व अधिक से अधिक मजदूरों को इस कार्य में नियोजित करें तथा निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिये। जिन ग्राम पंचायतों में जीरो लेबर प्रदर्शित हो रहा है उन पंचायतों में कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिये गये। अपूर्ण कार्यों को समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये वहीं प्रगतिरत अमृत सरोवर के कार्यों को प्राथमिकता के साथ 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बोड़रा एवं गेदरा में अमृत सरोवर के कार्य प्रारंभ कराने वन विभाग को निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने सभी कमार बसाहट आवास के सूचना पटल में तकनीकी जानकारी का लेखन कार्य कराने निर्देशित किया गया। इसी तरह जिन श्रमिकों का आधार सीडिंग कार्य नहीं हुआ है का सभी ग्राम पंचायत से लिखित डाटा लेकर आगामी सप्ताह तक एम.आई.एस. में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए गये। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के समस्त प्रगतिरत कार्यों को 30 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# पंडित दीनदयाल चौक पर लोग रोज डालते हैं घर का कचरा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 10 मई।** भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले कुरूद में भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल के आसपास कूड़े करकट का ढेर लगा रहता है ।विदित हो कि कुरुद शहर में बड़े धूमधाम से पंडित दीनदयाल के नाम पर चौक का नामकरण करते हुए मूर्ति स्थापना की गयी थी ।किंतु समय बीतने के साथ-साथ आवारा पशुओं का जमघट और कूड़े कचरे डालने का अड्डा बन गया है। जिस ओर किसी भी जन प्रतिनिधि की रुचि नहीं दिख रही है.नगर प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय पर्वो में ही चौक की साफ सफाई की जाती है। बाकी दिन धूल खाते रहती है। वही मूर्ति के चारों ओर कचरो का ढेर लगा रहता है. ईश ओर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान कई बार आकृष्ट किया गया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अनदेखी कर देते हैं। (1) निरंजन सिंहा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद ने कहा स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है जितने भी महापुरुषों की प्रतिमाएं है वह राष्ट्र की धरोहर है. इन्हें संरक्षित करने की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की है। (2) गिरधर शर्मा व्यवसायी - वर्षों से देख रहा हूं यहां पर कचरा हमेशा पड़े रहता है. मवेशी आकर बैठ जाते हैं.आवागमन में बाधित होने के साथ ही इसके सौंदर्य में असर पड़ता है। (3 )भोजराज सिंहा इंजीनियर नगर पंचायत कुरूद इस संबंध में पक्ष जानना चाहा फोन स्वीकार नहीं किया।

## 10 वीं में मनीष सोम और 12 वीं में गुनगुन चंदेल ने हासिल किया प्रथम स्थान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार को हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। साथ ही मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। शिक्षण सत्र 2023-24 के हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के बेटियों ने बेटों की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जिला प्रशासन ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के छात्र-छात्राओं को उत्साहजनक सफलता हासिल होने पर छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए आगामी सत्र और श्रेष्ठतम नतीजे लाने की अपेक्षा व्यक्त किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल घोषित परिणाम के आधार पर जिले में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 86.89 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में 86.20 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल किया है। इन दोनों बोर्ड परीक्षाओं में जिले की बेटियों ने परचम लहराया है। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 89.20 प्रतिशत बालिकाओं एवं 84.23 प्रतिशत बालकों ने सफलता प्राप्त किया है। वहीं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में 87.72 प्रतिशत बालिकाओं तथा 84.45 प्रतिशत बालकों ने सफलता हासिल किया है। जिले के प्रयास विद्यालय जगदलपुर के छात्र मनीष सोम पिता ओमप्रकाश सोम ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 96.83 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में विमल विद्याश्रम मारीगुड़ा की छात्रा गुनगुन चंदेल पिता भारत सिंह चंदेल ने 90.60 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ जिले में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

# अपर कलेक्टर अरविंद पांडे ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

■ लंबित राजस्व प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद 10 मई।** अपर कलेक्टर अरविंद पांडे ने जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में सभी एसडीएम से उनके अनुविभाग अंतर्गत भूमि आबंटन, सीमांकन, मुआवजा वितरण, खाता विभाजन, अभिलेख अद्यतीकरण एवं नामांतरण आदि के लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही टीएल एवं जनचौपाल के भी लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। अपर कलेक्टर श्री पांडे ने अब तक किए गए राजस्व मामलों के निराकरण रिपोर्ट सहित प्रक्रियाधीन मामलों के प्रगति रिपोर्ट एवं निराकरण की समयबद्ध जानकारी देने के निर्देश दिए। जो प्रकरण निराकृत नही हुए है उनके प्रोसेस रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जनहित के मामलों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। मामलों को प्राथमिकता में लेते हुए तेजी से प्रकरणों का निराकरण करें। अपर कलेक्टर ने अनुविभाग बार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर तेजी से निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सलाह भी दिए। इस दौरान बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, सभी अनुविभागों के एसडीएम सहित तहसीलदारगण भी मौजूद रहे।

## जिले में ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर 11 से 1 मई तक

**कांकेर 10 मई।** जिले के न्यू नारायण क्रीडा समिति सचिव सतीश यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिले एवं समस्त सातों विकास खण्डों में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से न्यू नारायण क्रीड़ा समिति के द्वारा 11 मई से 01 मई तक बालक एवं बालिकाओं दोनों वर्गों में शासकीय नरहरदेव विद्यालय के मैदान में ग्रीष्म कालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस ग्रीष्म कालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है, इस शिविर में विद्यार्थी /गैर विद्यार्थी /शासकीय/ अशाकीय कर्मचारी एवं आमजन सभी भाग ले सकते हैं। इस प्रशिक्षण शिविर का समय भीषण गर्मी को देखते हुए सांयकाल 5-30 से 07 तक निर्धारित किया गया है। यह आयोजन पूर्णता- निःशुल्क है एवं समस्त प्रशिणर्थियों को फुटबॉल खेल सामग्री एवं उच्च स्तर के प्रशिक्षको की सेवाएं प्रदान की जाएगी। सचिव सतीश यादव ने बताया कि न्यू नारायण कीड़ा समिति कांकेर द्वारा विगत 18 वर्षो से इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित खिलाड़ी विद्यालय/ महाविद्यालय /खेल संघो /खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं। इस शिविर में भाग लेने हेतु खिलाड़ी अपना पंजीयन सचिव सतीश यादव मोबाइल नंबर 77708 00122 दिनेश ठाकुर 94064 66547 निशान्त गोडबोले 96303 96444 हिमांशु नेताम 70243 13589 से संपर्क कर करा सकते हैं।

### बिना मेहनत के सफलता की उम्मीद नहीं की जा सकती

**बालोद 10 मई।** ग्राम झलमला में स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यमिक स्कूल में पढने वाली हर्षवती साहू ने 12वीं में चौथा स्थान हासिल करते हुए 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और इस कामयाबी से वे खुश हैं। हर्षवती ने कहा कि मेहनत करने पर सफलता जरुर मिलती है, बिना मेहनत के सफलता की उम्मीद नहीं की जा सकती है। वे आर्ट्स की छात्रा है और आगे शिक्षक बनकर लोगों को पढ़ाना चाहती है। वह अपने भविष्य के लिए दो ऑप्शन लेकर रखी हुई है जिसमें शिक्षा विभाग और सिविल सर्विसेज शामिल है। बेटी की इस सफलता से पूरा परिवार गदगद है, उनके पिता किरण साहू ने बताया कि वे कृषि मजदूरी का काम करते हैं। और मां हेमिन साहू भी मजदूरी का कार्य करती हैं। रोजी मजदूरी कर जो मेहनत किया बेटी ने उसका परिणाम लाया है। आज मुझे मेरे मेहनत का प्रतिफल मिला है।

## समाचार संक्षेप

### कुरूद में पं.प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा 16 से

**कुरूद 10 मई।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक परम श्रद्धेय श्री प्रदीप मिश्रा जी (सिहोर वाले) के परम सानिध्य में कुरूद की पावन धरा में दिनांक 16 से 22 मई के दौरान कथा समय दोपहर 2 से 5 बजे के बीच वृद्धि विहार भरदा चौक राजिम रोड़ कुरूद में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार मां कमलादेवी श्रीधर (शर्मा) के विशेष आयोजन में कुरूद में पहली बार प्रदीप मिश्रा जी की श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन हो रहा है। वे व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी रसमयी वाणी से शिव महापुराण कथा का रसपान कराएंगे। आयोजको द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। 12 एकड़ में पंडाल लग चुका है। गाड़ियों को व्यवस्थित ढंग से खड़ी करने के लिए 24 एकड़ का जमीन को समतलीकरण किया गया है, वही पंवार राईस मिल में मां अन्नपूर्णा का भंडारा 7 एकड़ में व्यवस्था किया जा रहा है। मां कर्मा इवेंट, डोम स्टेप, भागवत स्टेप, जल व्यवस्था से लेकर सभी प्रकार की तैयारी में लगे हुए हैं इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रकाश शर्मा /पहाड़ी /,प्रयास शर्मा ,निवेश शर्मा ,कान्हा अग्रवाल बसंत सिंन्हा ,शेखर चंद्राकर दीपक अग्रवाल, मनीष नाथ सतीश भदोरिया ,चंदू सिन्हा विमलेश ,अर्जुन साहू ,नरेश साहू नरेंद्र साहू , ने अपने योगदान देकर कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं।



### बेड़मा जंगल के पास चलती ट्रक में लगी आग,मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया काबू



**फरसगांव/बहीगांव 10 मई।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बेड़मा के समीप गुरूवार देर रात तकरीबन 12:00 जगदलपुर की ओर से आ रही ट्रक में अचानक आग लग गई ट्रक की दाहिने चक्कको में अचानक आग लगने पर चालक ने सड़क के किनारे ट्रक को खड़ा कर दिया और तत्काल केशकाल पुलिस को सूचना दी इस संबंध में थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना मिलती ही में स्वयं अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचा जहां हमने जन सहयोग से आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया है हालांकि ट्रक में लोड नींबू की बोरियां आग चपेट में आ गई है साथ ही ट्रक का एक हिस्सा बुरी तरह से जलकर राख हो गया है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन में सहभागिता देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया

**जगदलपुर, 10 मई ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमती कंगाले ने केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतदाताओं को जागरूक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए तीन चरणों में हुए मतदान में यहां के कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।





**कुरूद 10 मई।** भीषण गर्मी में गंगरेल बांध का पानी लोगों को कर रहा आकर्षित।

एक नजर

## बैठक में स्वास्थ्य विभाग की मातृ मृत्यु की समीक्षा की गई

**रायगढ़, 10 मई।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मातृ-मृत्यु की समीक्षा की गई। जिसमें जिला नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, आरएमएनसीएच, सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी, सुपरवायजर, संबंधित क्षेत्र के आर.एचओ महिला/पुरूष उपस्थित रहें। बैठक में मृत गर्भवती महिलाओं की किन कारणों व किस कमी की वजह से इनकी मृत्यु हुई इनके बारे में गहनता से बिंदुवार समीक्षा किया गया। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एनीमिक होना व एनीमिक पाये जाने पर उनका सही ढ़ंग से फालोअप लेना जैसे-आयरन व कैल्शियम की दवा का फालोअप करना, सही ढ़ंग से प्रत्येक एएनसी जांच पर उनका हिमोग्लोबिन, बी.पी, यूरिन शूगर, यूरिन एल्बुमिन की जांच का सही रिपोर्टिंग करना, सही वजन लेना, जिस महिला का हाई रिस्क हो तो उनका समय-समय पर फलोअप करना, उनके प्रसव से संबंधित पुराने रिकार्ड की समीक्षा करते हुए उनकी जांच पर विशेष ध्यान देने के लिये व प्रशासनिक रूप से सभी खंड चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी में होने तक मितानिन एएनएम, द्वारा गृह भेंट 1, 3, 7, 14, 28 ,42, 90 दिन तक घर में जाकर उनके स्वास्थ्य के बारें में विस्तृत जानकारी लेने हेतु निर्देश दिया गया। तत्पश्चात् स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास के साथ संयुक्त रूप बैठक संपादित की गई। जिसमें गंभीर कुपोषित बच्चों को शिशु विशेषज्ञ की सहायता से बच्चों का चिंहाकन कर एनआरसी सेंटर में रिफर करने के निर्देश दिया गया इसके लिये कुपोषित बच्चों के माता पिता का काउंसिलिंग कर इलाज करवाने हेतु व दोनो विभाग मिलकर समन्वय स्थापित कर लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में गति लाने को कहा

**महासमुंद 10 मई ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व से स्वीकृत और निर्माणाधीन कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। श्री मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। साथ ही वन अधिकार पत्रों का पोर्टल में एंट्री शीघ्रता से एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपद सीईओ जो प्रमाण पत्र पहले से बन चुके है उसे आदिवासी विकास विभाग को देवें ताकि शीघ्रता से ऑनलाईन एंट्री किया जा सके। वहीं विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक लेकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी महिला संयोजकों को छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी तहसील कार्यालय हर सप्ताह जारी करने वाले प्रमाण पत्र की संख्या में वृद्धि करें। इसी तरह कलेक्टर ने कार्यालयों में पर्याप्त साफ सफाई रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पुराने अनुपयोगी सामग्रियों का नियमानुसार अपलेखन करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्कूल और अन्य कार्यों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री निर्भय साहू और जिला अधिकारी मौजूद थे।

## लायन पवन अग्रवाल बने लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल के अध्यक्ष

**कोरबा, 10 मई ।** लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक में लायनि'म सत्र 2024-25 हेतु सर्वस मति से नई कार्यकारिणी गठन समिति के चेयरमेन एवं क्लब मार्गदर्शक पीएमजेएफलायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया।लायन अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 हेतु क्लब अध्यक्ष की बागडोर एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल (आटो सेंटर) को सौंपी जा रही है, वहीं क्लब सचिव के पद पर लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना एवं क्लब कोषाध्यक्ष के लिए लायन दीपक जायसवाल को जि मेदारी दी गई है। क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष हेतु लायन सुभाष चंद अनंत एवं द्वितीय उपाध्यक्ष हेतु लायन पार्वती दास को नियुक्त किया गया है। वहीं क्लब के वरिष्ठ सदस्यों लायन भोजराम राजवाड़े, लायन नूतन राजवाड़े, लायन आशीष अग्रवाल, लायन संदीप कंवर, लायन त्रिलोकचंद अग्रवाल, लायन बिजय अग्रवाल, लायन विकास अग्रवाल, लायन रवि अग्रवाल, लायन श्यामल मल्लिक, लायन मधुलता राजवाड़े को संचालक मंडल के सदस्य के रूप में पदभार दिया गया। वहीं क्लब मे बरशीप चेयरपर्सन हेतु लायन प्रेमलता अग्रवाल , एलसीआईएफ चेयरपर्सन लायन दर्शन अग्रवाल , सर्विस चेयरपर्सन हेतु निवृत्तमान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता एवं मार्गदर्शक एवं व्यवस्थापक हेतु पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को पदभार दिया गया।

# जिले की महक कक्षा 12वीं में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,10 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में महासमुंद जिले की छात्रा महक अग्रवाल (वाणिज्य संकाय) ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले की चार विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाई। जिसमें छात्रा प्रेरणा साहू सेजेस इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुंद ने सातवां स्थान, रिया साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा एवं डेनिशा प्रधान एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंडा सरायापाली ने 9वां स्थान तथा तेजस नायक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिबर्रा ने 10वां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों से आगे भी ऐसे ही परीक्षा परिणाम लाने की उम्मीद जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मालूम हो कि जिले में सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं के लिए 14127 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 13927 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में 5041 छात्र और 6672 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। इस तरह बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.83 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 86.88 प्रतिशत रहा। कुल परीक्षा परिणाम 84.17 प्रतिशत रहा। इनमें 04 विद्यार्थियों ने टॉप 10 में जगह बनायी। इसी प्रकार जिले में कक्षा 12वीं में 10428 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 10348 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 3907 छात्र और 5569 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। कक्षा 12वीं में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.89 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 93.62 प्रतिशत इस तरह जिले का 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 91.61 प्रतिशत रहा। जो राज्य के परीक्षा परिणाम से काफी बेहतर है।जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। ज्ञातव्य है कि पिछले सत्र में जिले का 12वीं का परीक्षा परिणाम 80.38 प्रतिशत व कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 74.97 प्रतिशत रहा था। इस तरह इस वर्ष कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम में 11.23 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 9.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सत् 2023-24 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के कुल 21 छात्र-छात्राएं हाईस्कूल परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें से सभी बच्चे उत्तीर्ण है। परीक्षाफल शत्-प्रतिशत है। संस्था के चेयरमैन एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, बच्चों का उत्साह वर्धन किया। छात्रों की इस सफलता पर उनके विषय शिक्षिकाओं काजल ठाकुर, जागृति साहू, रेखा साहू, जाबिर खान, विजय लक्ष्मी राव, चंदना सोनी का सहयोग रहा। छात्रों का शाला स्तर पर प्रथम श्रेणी में दस छात्र-छात्राएं, द्वितीय श्रेणी में 11 छात्र-छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त किए है। इसमें पूर्वा भोसले 85.17 प्रतिशत, स्वाती चंद्राकर 84.00 प्रतिशत, यशस्वी ध्रुव 81.00 प्रतिशत रहा। छात्रों की इस सफलता पर हर्षित आंनदित होते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारकर नई दिशा नया आयाम देने का भरपूर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन व सुजाता विश्वनाथन, संध्या सोना, दमिनी वैष्णव, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपूत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनि साहू, अंशु यादव, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

## मेरिट लिस्ट में रायगढ़ जिले की दो छात्राओं ने बनाया स्थान

**रायगढ़, 10 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें जिले की दो छात्राओं करुणा कैवर्त और बबीता पटेल ने 10 वीं की प्रावीण्य सूची में प्रदेश में 10 स्थान हासिल किया है। कलेक्टर श्री गोयल ने उनकी इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आपकी सफलता ने जिले का मान बढ़ाया है और यह दूसरे छात्रों को प्रेरणा देगी। करुणा कैवर्त, महेंद्र सिंह पटेल मेमोरियल आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल, नंदेली की छात्रा है। वहीं बबीता पटेल शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तेलीपाली, पुसौर की छात्रा है। जारी परीक्षा परिणामों के अनुसार 10 वीं में जिले का रिजल्ट 76.10 प्रतिशत रहा। वहीं 12 वीं में परीक्षा परिणाम 80.03 प्रतिशत रहा। रायगढ़ जिले में 10 वीं की परीक्षा में इस बार छात्राओं का सफलता का प्रतिशत अधिक रहा। इस वर्ष 5921 छात्र और 6959 छात्राओं सहित 12880 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें 4176 छात्र और 5607 छात्राओं सहित 9783 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 76.10 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। जिसमें 70.69 प्रतिशत छात्र और 80.69 प्रतिशत छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह रायगढ़ जिले में 12 वीं की परीक्षा में इस वर्ष 4057 छात्र और 5709 छात्राओं सहित 9766 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें 3065 छात्र और 4734 छात्राओं सहित 7799 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 80.03 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें 75.81 प्रतिशत छात्र और 83.03 प्रतिशत छात्राएं शामिल हैं।कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी सफल छात्रों पूरे जिला प्रशासन की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपेक्षा अनुरूप परिणाम नहीं आने वाले छात्रों से कहा कि आप हतोत्साहित न हो बल्कि दुगुने जोश से आगे कड़ी मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

## जनहानि की घटना में 25 हजार रुपये की दी गई तात्कालिक सहायता राशि

रायगढ़, 10 मई। वन परिक्षेत्र अधिकारी छाल के सूचनानुसार परिक्षेत्र सहायक बनहर अंतर्गत औरानारा परिसर मे 8 मई 2024 को प्रातः श्री सुबरन राठिया वल्द बुधुराम राठिया उम्र 79 वर्ष साकिन मलमुड़ी के द्वारा तेन्दूपत्ता गड्डी बांधने हेतु बेल (रस्सी) लेने जंगल स्थानीय नाम मगरदरहा की ओर गया। शाम को घर नहीं आने पर परिवार के लोगों द्वारा खोजबीन किये जाने पर 9 मई 2024 को मगरदरहा स्थल पर मृत अवस्था में पाया गया। घटना की सूचना श्री चन्द्र कुमार पिता अयोध्या पटेल साकिन भलमुड़ी के द्वारा फोन से सूचना वन विभाग को दी गयी। सूचना प्राप्त होते ही उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ एवं वन परिक्षेत्राधिकारी छाल अपने अधीनस्थ वन अमलों के साथ मौका स्थल पर पहुंचे और मौका जांच किया गया। मौका स्थल पर जंगली हाथी के पैरों निशान पाया गया, मौका साक्ष्य में जंगली हाथी द्वारा घटना होना पाया गया। शासन के नियमानुसार मृतक के उत्तराधिकारी पत्नि श्रीमति बुन्द्रोबाई राठिया साकिन भलमुड़ी को तत्कालिक सहायता 25 हजार रुपये प्रदान किया गया। घटना के पूर्व मुनादी के माध्यम से ग्राम भलमुड़ी में हाथी आने की पूर्व सूचना दी गई थी। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।धरमजयगढ़ वनमंडल का छाल परिक्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है, उक्त घटना क्षेत्रों में जंगली हाथी की विचरण की सूचना व्हाट्सअप तथा हाथी ट्रेकर दल के माध्यम से, मुनादी से गांव को वन कर्मचारियों द्वारा घटना के पूर्व सूचित किया गया था। घटना उपरांत जंगली हाथियों के विचरण की जानकारी आस-पास के ग्रामीणों एवं वन क्षेत्रों में मुनादी एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से कराई जा रही है, प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों तथा फड़मुशीयों के माध्यम से ग्रामीणों हाथी प्रभावित क्षेत्रों में तेन्दूपत्ता तोड़ने हेतु नहीं जाने की समझाईश एवं सूचना प्रतिदिन दिया जा रहा है तथा समूचे छाल क्षेत्र के वन अमले को हाई अलर्ट पर रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कुटरु के. आनंद किराना दुकान में लगी आग, सामान जल कर खाक



**बीजापुर, 10 मई।** बीजापुर जिले के कुटरू गांव मे बीती रात आग लगने से आनंद किराना दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया है जानकारी के अनुसार बीती रात कुटरू मे बिजली गुल हो गई थी इस कारण दुकनदार ने मोमबत्ती जलाया और दुकान बंद करने के दौरान मोमबत्ती बुझाना भूल गया जिससे आग लगी और.पूरी दुकान मेआग फैल गई देखते ही देखते आग की लपटों मे दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया इस आगजनी की घटना मे दुकान में रखा फ्रीजर भी जल गया है बताया गया है की इस घटना मे लगभग तीन लाख से अधिक का नुकसान होना कहा गया है घटना की रिपोर्ट कर दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही हैं आग लगने की घटना 11 बजे रात की बताई गई है।

## बालको नगर में 7 लाख नगदी सहित जेवरात की चोरी

**कोरबा , 10 मई ।** जिले के बालको नगर थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना में जनरल स्टोर संचालक सुरेश साहू को 7 लाख से 'यादा का नुकसान हो गया है। मामले की जानकारी पुलिस को दे पीड़ित पक्ष ने थाने में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई।जानकारी के अनुसार बालको नगर के मु य मार्ग पर सुरेश साहू नामक व्यक्ति का जनरल स्टोर्स संचालित है। इसी से लगे हुए परिसर में उसका मकान है, जहां पर वह परिवार के साथ निवासरत है। बताया जा रहा हैं की परिवार में किसी मांगलिक कार्य के होने से वह अपने परिवार सहित नगर से बाहर गया हुआ था। इस बीच यहां चोरों ने मकान के पिछले हिस्से में तोड़फोड़ करते हुए इस चोरी की घटना को अंजाम दिया। वापस लौटने पर परिवार को इसकी जानकारी हुई। पीड़ित पक्ष ने बताया कि व्यवसाय व अपनी जरूरत के लिए 7 लाख रुपए रखे थे। चोरों ने नगदी के अलावा जेवरात भी पार किये है। इस मामले में बालको पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई

**बीजापुर, 10 मई।** अभियान के दौरान दिनांक 10/05/2024 को प्रातः लगभग 06-00 बजे से अलग अलग समय पर ग्राम पीड़िया के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है । विस्तृत जानकारी पृथक से प्रेषित की जायेगी ।

## होनिशा साहू ने मेरिट में आकर जिले का गौरव बढ़ाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम/फिंगेश्वर, 10 मई।** छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं के नतीजे गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर पंचायत कोपरा के सरस्वती शिशु मंदिर की 10वी कक्षा की छात्रा होनिशा साहू प्रदेश के प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर कोपरा सहित पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया हैं। होनिशा 10वी में 98.83 प्रतिशत हासिल कर अपने माता-पिता के साथ स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। ग्राम भेंडरी के एक कृषक नोहेश्वर साहू की बेटी होनिशा साहू पढ़ाई के क्षेत्र में शुरू से ही होनहार रही हैं। उनका सपना हैं कि वे इसीतरह पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए सीजीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर डिप्टी कलेक्टर के पोस्ट में जाने की हैं। छात्रा ने अपने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्होंने अपने स्कूल स्टाफ व माता पिता को श्रेय दिया हैं। जिसके मार्गदर्शन में पढ़ाई में करते हुए अच्छी मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्त किया है। जिसके लिए उनको स्कूल के अध्यक्ष कमलेश साहू, प्राचार्य गौरीशंकर साहू, प्रधानाचार्य कमलेश यादव, नोगेश्वर साहू, व्यवस्थापक रूपनारायण, धनंजय साहू, गिरधर साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, दशरथ यादव, पवन साहू, राजेश यादव, षडानंद साहू, उमाशंकर, राजेश साहू, देवानंद पटेल, गुलापा, मनमोहन, भूपेंद्र, हिरेंद्र साहू आदि सहित पूरे स्टाफ ने परीक्षा परिणाम आते ही उनके घर पहुंचकर पुष्प गुच्छ भेंटकर हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी कक्षाओं में भी अच्छे अंक से उत्तीर्ण होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही, वही उक्त छात्रा के प्रावीण्य सूची में दूसरे स्थान पर उत्तीर्ण होने पर ग्राम भेंडरी सहित आसपास के उनके परिचितों में हर्ष का माहौल है।

लगातार दूसरे साल भी कोपरा के सरस्वती शिशु मंदिर से प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया- बता दे कि कोपरा सरस्वती शिशु मंदिर से लगातार दूसरे साल भी स्कूल की छात्रा ने प्रदेश के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया हैं। पिछले वर्ष इस स्कूल से ग्राम तर्रा के दीपक भांडेकर ने 10वी के प्रावीण्य सूची में 96.83 प्रतिशत हासिल कर प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान हासिल किया था। जो कि इस बार कक्षा 10वी से होनिशा साहू ने 98.83 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं।

## जगन्नाथ मंदिर में भगवान परशुराम की हुई पूजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 10 मई। आज अक्षय तृतीया है अर्थात शुभ दिन। अक्षय तृतीया के साथ ही आज भगवान विष्णु के छठें अजर अमर अवतारी भगवान परशुराम जी की भी जयंती है लिहाजा आज हिन्दुओं के लिए काफी महत्वपूर्ण दिन है। जहां अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी देवी की विशेष पूजा का विधान है तो वहीं आज के दिन सोना चांदी की खदीदारी भी शुभ माना गया है । सराफा बाजार में भी आज जमकर सोने चांदी की खरीदारी होने की प्रबल संभावना है।

गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीया के दिन से ही भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तैयारी की शुरूआत होती है। आज अक्षय तृतीय के साथ साथ भगवान परशुराम जी की भी जयंती है। नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज सुबह विशेष पूजा आरती के साथ साथ परशुराम जी की भी पूजा अर्चना की गई। तदोपरांत भगवान की रथ की पूजा भी संपन्न हुई। मंदिर के पुजारी विभुति भूषण ने बताया कि आगामी 7 जुलाई को देश भर में भगवान जगन्ननाथ जी की रथयात्रा धुमधाम के साथ निकाली जाएगी इसी कड़ी में नगर में भी हर साल की तरह रथयात्रा कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ संपन्न किया जाएगा। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आज से रथ बनाने की तैयारी भी शुरू होगी जिसके लिए आज विधि विधान से रथ की पूजा की गई है। लकड़ी इत्यादि लाने का कार्य भी शुरू हो जाएगा। भव्य रूप से रथ को सजाया जाएगा इसी रथ पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा देवी सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे और अपने भक्तों को दर्शन देकर उनकी हर मुराद पूरी करेंगे।

## भाजपा के बढ़ते जनाधार से कांग्रेस नेता बोखलाए :अमित

**डोंगरगढ़, 10 मई।** शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन में कांग्रेस नेताओ द्वारा दिए जा रहे बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार से कांग्रेस नेता बोखलाए हुए है उनके हालात खिसियाई बिल्ली खंबा नोचे जैसी हो गई है देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की बीजेपी सरकार द्वारा युवा किसान मजदूर व महिलाओ को अपनी योजनाओं के द्वारा लाभ देने का काम किया जा रहा है एक ओर जहां विगत 5 साल की कांग्रेस सरकार का किसान मजदूर विरोधी होने का चेहरा उजागर हुआ तो वही नरेंद्र मोदी जी की सरकार में भारत ने पिछले 10 वर्षो में विकास के नए आयाम छुए है देश की अर्थव्यवस्था अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहलाती है। भारत मोबाइल उत्पादन में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है, भारत रक्षा क्षेत्र में लड़ाकू विमान, मिसाइले, ड्रोन, टैंक,बुलेट प्रूफ गाड़ियां, हेलीकॉप्टर आदि का खुद निर्माण करता है वैक्सीन का निर्माण कर मुफ्त वैक्सीन लगवाकर अपने देश के असंख्य लोगो की जान बचाया गया ,देश की अखंडता और एकता के लिए धारा 370 जैसे बड़े निर्णय लिए गए , तीन तलाक जैसे काले कानूनों को भी खत्म किया गया ,देश के गरीब एवम मध्य वर्ग के लोगो को निजी शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, मुफ्त उजवला गैस ,मुफ्त राशन ,किसान समृद्धि योजना, महतारी वंदन योजना आदि जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात दिया जा रहा है शहर मंडल अध्यक्ष



अमित जैन ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि यह बात किसी से छिपी नही की कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल में पूरे प्रदेश मे शराब का अवैध कारोबार जोरों पर था जैसे ही प्रदेश मे विष्णु देव साय जी की बीजेपी सरकार बनी वैसे ही प्रदेश के साथ-साथ धर्मनगरी में भी अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाई जा रही है

पूर्व अध्यक्ष अपने आप को दूध का धुला बता रहे है शहर मंडल अध्यक्ष श्री जैन ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिला सहकारी केंदीय बैक मे गड़बड़ी होने के बाद भी पूर्व अध्यक्ष अपने आप को दूध का धुला बता रहे है अगर 5 साल के कार्यकाल की जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने का खुलासा होगा इनके कार्यकाल मे राजनांदगाव जिला के सरकारी अधिकारी को धमकाना और शराब के अवैध कार्य को संरक्षण देना इनके चरित्र को उजागर करता है प्रदेश की जनता लोकसभा चुनाव मे इनको सबक सिखाने के लिए छत्तीसगढ़ की 11 में से 11 सीट जीताकर केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनाने उत्साहित है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया सैम पित्रोदा का पुतलादहन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 10 मई।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम बस स्टैंड में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के विवादित बयान के विरोध में पित्रोदा का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने कहा कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा द्वारा विवादित बयान जो भारत की जनजातियों व विविद क्षेत्रों के लोगों को अपनी कांग्रेस की तुष्टिकरण मानसिकता को प्रदर्शित कर भारत वर्ष की एकता और अखंडता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, इस बयान का भारतीय जनता युवा मोर्चा विरोध करता है और हमने गीदम बस स्टैंड में सैम पित्रोदा का पुतला दहन किया है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा जी, अभिलाष तिवारी, राजा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष अन्ति वेक, अनिल जॉर्ज, ममता गुप्ता जी, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, जयदयाल नागेश,श्रीमती रूपा पाणिग्रही, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय अवस्थी, अवधेश गुप्ता लक्ष्मी यादव , श्रीकांत राव, शंभू यादव, राजेश सुराना, वीरेश मिश्रा, अनीस जार्ज, राजेंद्र सिंह, अभिनव,चंदन ध्रुव, कृष्णा शर्मा, जय प्रकाश, विनोद राजु, बबलु गुप्ता इत्यादि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### 42 पाव अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भटापारा सदानंद कुमार द्वारा क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ढाकुर, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक थाना प्रभारी हथबंद हेंमत पटेल के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर काफी मात्रा में अवैध शराब रख कर बिक्री कर रहा है सूचना तस्दीक पर आरोपी ललित जोशी पिता गंगादास जोशी उम्र 25 साल ग्राम कुकराचुंदा के कब्जे से अवैध शराब बिक्री करते 42 पाव देशी मदिरा मसाला शराब मात्रा 7.560 बल्क लीटर शराब किमती 4620 रूपये को पाए जाने पर जप्त कर आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 99/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

### मतदान दलों के बैंक खाते में भेजी गई मानदेय की राशि

**कोरबा, 10 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान कराने वाले मतदान दलों को मतदान के दूसरे दिन ही मानदेय का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने इस संबंध में पूर्व से ही निर्देशित किया था कि मतदान कराकर लौटने के पश्चात् मतदान दलों को मानदेय का भुगतान अगले दिन किया जाए। जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा द्वारा 07 मई को मतदान दल में शामिल रामपुर विधानसभा के 1106, कोरबा विधानसभा के 1028, पाली-तानाखार विधानसभा के 1219, कुल 3353 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 01, मतदान अधिकारी 02 और मतदान अधिकारी 03 के बैंक खाते में आज 08 मई को मानदेय की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। कोरबा जिले के अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मरवाही विधानसभा क्षेत्र में लगी थी, उन मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है। एक-दो दिन के भीतर इन मतदान दलों के खातों में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।

### खदान के अंदर कोल कर्मियों के लिए रोज 400 लीटर ठंडा आरओ पेयजल की आपूर्ति

**कोरबा, 10 मई।** भीषण गर्मी को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र प्रबंधन ने खनिक कल्याण की दिशा में एक नयी पहल करते हुए खदान में अंदर तक ठंडा आरओ पेयजल पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रबंधन ने 20 लीटर ठंडे आरओ पेयजल के जार की सप्लाई के लिए कार्य आदेश जारी कर दिया है और खनन क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति शुरु भी हो चुकी है। हर शिफ्ट में लगभग पानी के 20 जार पहुंचाने की व्यवस्था की गयी है। खनन क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन न पहुंच पाने के कारण खनिकों को पानी के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कुसमुंडा प्रबंधन की इस पहल से अब खनिकों को उनके कार्यस्थल पर ही आसानी से ठंडा आरओ पेयजल मिल पाएगा जिससे भीषण गर्मी में भी उन्हें काम करने में सहूलियत होगी।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में घुसी, दो घायल

**कोरबा, 10 मई।** तेज रफ्तार का कहर इस बार गेवरा - कुसमुडा मार्ग में देखने को मिला। काफी तेज गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल से सड़क किनारे उतर पलटते हुए फिर सीधी खड़ी हो गई। घटना में दो लोगो को चोंटे आई। बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर की तीन बजे कार क्रमांक सीजी 12 बीबी 6802 गेवरा-कुसमुंडा मार्ग में कुचैना मार्ग में एनटीपीसी पुल से कुछ पहले सड़क किनारे उतर गई और दो- तीन बार पलटते हुए सीधी खडी हो गई। घटना में कार सवार राहुल अग्रवाल व एक अन्य को गंभीर चोंटे आई। घटना की जानकारी मिलते ही कुसमुंडा पुलिस स्थल पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं क्षतिग्रस्त कार को खेत से बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच कर रही है। यहां बताना होगा कि क्षेत्र में तेज रफ्तार की वजह से सड़क दुर्घटनाएं लगातार हो रही है। अभी तक राष्ट्रीय राजमार्ग, कोरबा- चांपा मार्ग, उरगा-करतला मार्ग में होते रही है, पर अब शहर के अंदर के शहर की सड़कों में भी दुर्घटनाएं होने लगी है।

# जिले में पहली बार एक साथ 5 छात्राओं ने बनाया टॉप टेन में स्थान

- बोर्ड की परीक्षाओं में बलौदाबाजार भाटापारा जिले का दबदबा
- 12वीं में 4 एवं 10 वीं में 1 छात्रा ने मारी बाजी
- कलेक्टर ने सभी छात्राओं को पुष्प गुच्छ भेंटकर दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आज 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें बलौदाबाजार भाटापारा जिले ने दबदबा कायम किया है। जिले में पहली बार एक साथ 5 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है।जिसमें, 12वीं के 4 एवं 10 वीं में 1 छात्र ने शामिल है। सबसे खास बात यह है की सभी छात्र लड़कियां है। इस अवसर पर प्रावीण्य सूची में प्राप्त विद्यार्थियों को उनके पालक एवं संस्था प्रमुख की उपस्थिति में कलेक्टर के एल चौहान द्वारा मोमेन्टो, गुलदस्ता, मुंह मीठा कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिएं।

हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कोपल अंबष्ट पिता कुणाल अंबष्ट स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गुरूघासी दास इंग्लिश मिडियम शास.उ.मा.वि.कसडोल प्रावीण्य सूची में 97.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, प्रीति पिता मतवाली शास.उ.मा.वि. करहीबाजार 96.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, डॉली पटेल पिता लखन लाल पटेल गुरूकुल इंग्लिश मिडियम हायर सेकेण्डरी बलौदाबाजार 95.80 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान एवं अदिति साहू पिता बिमल साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष् विद्यालय अंग्रेजी माध्यम शिवलाल मेहता



शास.उ.मा.वि.भाटापारा 95.80 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान प्राप्त किये है। इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षा में निधि साहू पिता विक्रमचंद साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गुरूघासीदास इंग्लिश मिडियम शास.उ.मा.वि. कसडोल प्रावीण्य सूची में 98.00 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान प्राप्त की है। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 17913 पंजीकृत हुये। इनमें से 7839 बालक, 9695 बालिकायें कुल 17534 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिनमें से 17519 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 12052 है। इस प्रकार हाईस्कूल परीक्षा में जिले के परिणाम 68.79 प्रतिशत रहा। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी 4609, द्वितीय श्रेणी 6245 तथा तृतीय श्रेणी 1198 प्राप्त किये। 1089 परीक्षार्थी पूरक पात्र एवं 4378 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल 12734 पंजीकृत हुये। इनमें से 5343 बालक., 7278 बालिकायें कुल 12621 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिनमें से 12620 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये।

घोषित परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 9702 है। इस प्रकार हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले के परिणाम 76.87 प्रतिशत रहा। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी 3555, द्वितीय श्रेणी 6434 तथा तृतीय श्रेणी 713 प्राप्त किये। 1179 परीक्षार्थी पूरक पात्र एवं 1739 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, सहायक संचालक, आर. के. शर्मा सहायक संचालक, के. एस. मेरावी के. के. गुप्ता बी.आर.पटेल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्या वंदना तिवारी सहित बड़ी संख्या में परिवार जन भी उपस्थित रहे।

### वनमण्डल बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा और राज्य स्तरीय उड़नदस्ता की संयुक्त बड़ी कार्रवाई

# सागौन, साल, बीजा एवं अन्य प्रतिबंधित लकड़ी की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

- कार्रवाई में 50 लाख मूल्य की मशीनरी और लकड़ी से बने फर्नीचर जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 मई।** जांजगीर चांपा वनमण्डल के अंतर्गत शक्ति वन परिक्षेत्र में अवैध रूपसे संचालित दो आरा मिल और फर्नीचर मार्ट में वनमण्डल बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा और राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम द्वारा की संयुक्त कर्रवाई की गई। जिसमें 2 बैंड सॉ, 2 ट्रॉली, 2 आधुनिक रेंदा मशीन, जेनान पिकअप वाहन एवं सागौन साल बीजा सहित अन्य प्रतिबंधित प्रजाति से निर्मित लगभग 50 लाख मूल्य के मशीनरी और लकड़ी ज़ब्त की गई।

कार्यालय वनमंडल बलौदाबाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर रायपुर सीसीएफ राजू अगासिमनी, बिलासपुर सीसीएफ प्रभात मिश्रा के निर्देशन में बलौदाबाजार डीएफओ मयंक अग्रवाल, जांजगीर चांपा डीएफओ श्रीमती प्रियंका पांडे एवं प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले द्वारा सतत, सघन, गहराई से उक्त सूचना की जांच करने पर सागौन तस्करी के बड़े गिरोह की जानकारी की पुष्टि हुई। जिस पर कर्रवाई करते हुए आज ही शक्ति परिक्षेत्र के अंतर्गत घोघरी एवं खैर ग्राम अंतर्गत खीर प्रसाद चंद्रा एवम रेशम लाल पटेल द्वारा अवैध रूप से संचालित आरा मिल को सील कर सामग्री जब्त कर ली गई है।



इसी कड़ी में ग्राम खैर में खीर प्रसाद चंद्रा द्वारा स्वयं के घर में अवैध रूप से फर्नीचर मार्ट का भी संचालन किया जा रहा था। संयुक्त टीम द्वारा दबिश देने पर अवैध सागोन साल बीजा से निर्मित एवं निर्माणाधीन दीवान, दरवाजे, सोफे, डाइनिंग एवं मशीनें जब्त की गई है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ नियुमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। उक्त संयुक्त कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी उड़नदस्ता संदीप सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## समाचार संक्षेप

### 6 साल के बच्चे का हाथ-पैर बांधकर मारपीट और अप्राकृतिक कृत्य करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीओपी निधी नाग एवं थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 316/2024 धारा 363, 365, 377, 294, 506, 323, 342 भादवि 08 पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया आरोपी का नाम सेवक राम ध्रुव पिता दालसिंह ध्रुव उम्र 45 वर्ष साकिन चिखली थाना आरंग जिला रायपुर छ.ग. है। मामले का विवरण इस प्रकार है कि 7 मई को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र जो घर के बाहर खेल रहा था, अचानक खेलते खेलते बिना बताये कही चला गया, जो अब तक वापस नहीं आया है। कि रिपोर्ट पर गुम ईसान क्र. 54/2024 कायम किया गया माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर किसी अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर ले जाने की अंदेशा पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 316/2024 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पता तलाश दौरान सूचना मिला की एक अज्ञात व्यक्ति तिल्दा (कारी) खार में बालक का हाथ पैर बांधकर रखा है, कि सूचना पर अविलंब कार्यवाही करते हुये मौके पर पहुंचकर बालक के साथ होने वाले गंभीर घटना को रोकते हुये आरोपी एवं बालक को थाना लाया गया। आरोपी सेवक राम ध्रुव के कब्जे से 7 मई बालक को बरामद किया गया। पीडित बालक का धारा 164 जा.फौ. के तहत माननीय न्यायालय से कथन दर्ज कराया गया है। पीडित बालक एवं गवाहों के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 365, 377, 294, 506, 323, 342 भादवि 8 पाक्सो जोडी गई है। आरोपी सेवक राम ध्रुव पिता दाल सिंह ध्रुव उम्र 45 वर्ष साकिन चिखली थाना आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत 8 मई को गिरफ्तार कर आरोपी का न्यायिक रिमाण्ड तैयार कर न्यायालय प्रेषित किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में प्रआर ऋषिकेश भोई, समीर शुक्ला, आर. तुलेश डडसेना, रामनाथ पैकरा, तिलक राम महिलांगे, रमेश गोयल, गुमान जायसवाल, ओलश कोसले, अशोक साहू का विशेष योगदान रहा।

### जिला जेल में 65 बंदियों का किया इलाज



**बलौदाबाजार, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला जेल बलौदाबाजार में परिरूद्ध 65 बंदियों का आयुर्वेद पध्दति से इलाज किया गया। बंदियो एवं जेल स्टॉफपुराना सर्दी खांसी, चर्मरोग, उदररोग, ब्लड प्रेसर, शुगर रोग का आयुर्वेद पद्धति से रहन-सहन, खान-पान पथ्य-अपथ्य की जानकारी एंव दवाई दी गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने बताया कि संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जेलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन परिरूद्ध बंदियों के समुचित उपचार व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एल. एस. ध्रुव, फार्मासिस्ट विनोद कुर्रे, औषधालय सेवक योगेंन्द्र गेंडरे उपस्थित रहे।

# जयंती पर भगवान परशुराम का किया अभिषेक, निकाली मोटरसाइकिल रैली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 10 मई।** तिल्दा नेवरा अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा नेवरा के द्वारा स्थानीय परशुराम भवन में भगवान परशुराम का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की सुबह से समाज के गणमान्य नागरिक एवं सभी ने परशुराम भवन में परशुराम की प्रतिमा पर जल अभिषेक किया गया। इस अवसर पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात मोटरसाइकिल रैली निकाली गई भगवान की आरती की गई स्तुति की गई जिसमें तिल्दा नेवरा ब्राह्मण समाज के गण मान्य नागरिक उपस्थित थे परशुराम भवन से मोटरसाइकिल रैली भी आज प्रातः निकल गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए परशुराम भवन में पहुंची। समाज के लोगों ने परशुराम चौक स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की जिसमें समाज की काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर में आग लगने से मची अफरा-तफरी, विद्युत आपूर्ति बाधित

**कोरबा, 10 मई।** बालको नगर परसाभाठा नवधा पंडाल के पास मुख्य मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। घटना से आसपास के क्षेत्र के लोगों में अफरा- तफरी मच गई। आनन फानन में विद्युत वितरण विभाग को सूचना दी गई और विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। तदुपरांत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। आग इतनी तेज थी कि लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी। ट्रांसफार्मर में आयल भरा होने की वजह से विस्फोट होने का भी बना हुआ था, इसलिए कोई पानी फेंक कर बुझाने की हिम्मत नहीं कर रहा है। बताया जा रहा है कि बाद में दमकल को सूचित किया गया और दमकल के पहुंचने पर आग पर काबू पाया गया। तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल कर नष्ट हो चुका था। ट्रांसफार्मर जलने की वजह से संबंधित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। हालांकि वितरण विभाग द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने की वजह से आग लगने की घटना हुई।

### कार टकराई डिवाइडर से, बाल- बाल बचा परिवार

**कोरबा, 10 मई।** बांगो थाना क्षेत्र के गुरसियां के पास पिकअप ने कार को ठोकर मार दी। घटना में कार में सवार बाल-बाल बच गए, पर कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बताया कि बिलासपुर जिले के एमजी ग्रीन होम्स कालोनी उसलापुर निवासी डा श्रुति थवाईत कोरिया के सरकारी अस्पताल में डाक्टर के पद पर कार्यरत है। बुधवार को वह परिवार के साथ कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 1042 से कोरिया से बिलासपुर जा रही थी। शाम लगभग साढ़े पांच बजे गुरसियां के पास स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 12 बीबी 7393 के चालक ने उसकी कार को ठोकर मार दी। हादसे में श्रुति की कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे रेलिंग से जा टकराई। घटना में कार में सवार सभी बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि एक बच्चे को मामूली चोट आई है। स्थानीय लोगों ने पिकअप को रोकवाया और चालक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सतीश यादव निवासी गनियारी चोरभट्टी बताया, जबकि वाहन स्वामी का नाम धर्मेंद्र कुमार बताया जा रहा है।

### अधिकारी-कर्मचारियों-मीडिया को सहयोग के लिए दिया धन्यवाद

# कलेक्टर ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए मतदाताओं के प्रति जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले के दोनों लोकसभा अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है।

कलेक्टर के एल चौहान ने आज कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गों के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाती है, परंतु मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक बनाने और उन्हें मतदान केन्द्रों तक स्वस्फूर्त पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित करने का काम सबसे चुनौती भरा होता है। इसका ही सकारात्मक परिणाम है की लोकसभा चुनाव में जिले में पहली बार 67 प्रतिशत से अधिक मतदान को



**लोकसभा आम निर्वाचन में बेहतरीन कार्य के लिए स्काउट गाइड के सभी बच्चों को प्रदान किया जाएगा प्रशस्ति पत्र**

छुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरुरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दिन रात एक कर जी-तोड़ मेहनत की है। महिला अधिकारियों ने भी पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मतदान की इस प्रक्रिया को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, होमगार्ड सहित अन्य सभी व्यक्तियों जिनने सफ्लतापूर्वक और निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण चुनाव में अपना अमूल्य सहयोग दिया है। कलेक्टर चौहान ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार जताया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने इलेक्टानिक और प्रिंट, सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के द्वारा चुनाव कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को अभ्यर्थियों, आम जनता तक पहुंचाने तथा चुनाव कार्य में सहयोग के लिए उनके प्रति अपना आभार जताया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी प्रकरण की जानकारी लोगो तक पहुचाने के साथ-साथ बलौदाबाजार भाटापारा जिले में चुनाव के दौरान कोई भ्रामक खबर या अफ्वाह को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन को मीडिया का बेहतर सहयोग मिला।


## पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान नंबर EC23A1001CG5286032N Dated 08.05.2024 के द्वारा हमारे ग्राम-कोपेडीह, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत स्पंज आयरन क्षमता 6,60,000 टन/वर्ष, एम.एस. बिलेट्स क्षमता 4,65,696 टन/वर्ष, रिरोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स थ्रु हॉट चार्जिंग एवं रिहिटिंग फर्नेस क्षमता 4,78,500 टन/वर्ष, आयरन ओर पेलेट्स क्षमता 1.2 मिलियन टन/वर्ष, एस.ए.एफ से प्रोड्यूस सिलिको मैगनीज क्षमता 36,000 टन/ वर्ष और/या फेरो सिलिको क्षमता 22,500 टन/वर्ष और/या पिग आयरन क्षमता 63,000 टन/वर्ष, कैप्टिव पॉवर 75 मेगावाट (50 मेगावाट थ्रु डब्ल्यूएचआरबी एवं 25 मेगावाट थ्रु सीएफबीसी), पाईप मिल क्षमता 1,55,100 टन/वर्ष, गैल्वेनाईज्ड मिल क्षमता 1,55,100 टन/ वर्ष, एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स क्षमता 41,500 टन/वर्ष की परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय किया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग तथा मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

स्थानः - राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांकः- 09.05.2024

**मेसर्स कल्याणी इस्पात लिमिटेड**
ग्राम-कोपेडीह, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

## एक नजर

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 10 मई ।** पंडरी बस स्टेण्ड के शराब दुकान के पास एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत निर्मलकर 44 वर्ष दंतेश्वरी चौक पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी पंडरी के शराब दुकान गया था, जहां आरोपी गोलू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ब्रिज के नीचे से दोपहिया पार

**रायपुर, 10 मई ।** तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे ब्रीज के नीचे खड़ी टीवीएस एक्सल को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दयाशंकर साहू 37 वर्ष बीएसयूपी कालोनी सोनडोंगरी का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 04 एचएस 5364 को तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे ब्रीज के नीचे खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए दोपहिया की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सट्टा पट्टी लिखते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 10 मई ।** गोबरानवापारा पुलिस ने बस स्टेण्ड के प्रतीक्षालय में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1220 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नवापारा बस स्टैण्ड के यात्री प्रतिक्षालय में सट्टा खिलाते आरोपी विनोद बघेल 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1220 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शराब बेचते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 10 मई।** खरोरा पुलिस ने ग्राम अडसेना में दबिश देकर अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम अडसेना में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गोपाल खुंटे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### किसान नेता का वाहन दुर्घटनाग्रस्त



**रायपुर 10 मई।** राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है जहां छत्तीसगढ़ के किसान नेता राजेंद्र सोनबर की वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई है. सड़क हादसे में किसान नेता बाल-बाल बचे हैं. जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक में किसान नेता की कार को जोरदार टक्कर मारी यह टक्कर इतनी जोरदार थी ट्रैक्टर की ट्रॉली कार के ऊपर पलट गई जिससे मां को गंभीर चोटें आई है. बता दे कि किसान नेता राकेश टिकैत की टीम का एक सदस्य है. यह पूरी घटना मुजगहन थाना क्षेत्र का बताया जा रहा हैं।

### ट्रेनें स्थगित, यात्रियों को परेशानी

**रायपुर, 10 मई।** चुनाव के कारण यात्री बसों का अधिग्रहण कर लिया गया है। दक्षिण पूर्व मंडल में अनेक स्थानों पर नई रेल लाईन बिछाने का कार्य चल रहा है इसके कारण कई लोकल ट्रेनें स्थगित कर दी गई हैं। लंबी दूरी वाली गाड़ियां विलंब से चल रही है। इसलिए लंबी दूरी पर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। इस समय साउथ बिहार, बाम्बे हावड़ा एक्सप्रेस, जनशताब्दी व मेल में यात्रियों की भीड़ है।

### हिंदुओं के मन में डर पैदा किया जा रहा : बिस्सा

**रायपुर 10 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मिडिया प्रभारी व प्रवक्ता राजेश बिस्सा ने भाजपा द्वारा हिंदु मुस्लिम जनसंख्या के अनुपातिक प्रतिशत को लेकर जिस तरह देश में हिंदुओं के मन में डर व नफरत का माहोल पैदा किया जा रहा है वह निंदनीय है। केंद्र सरकार को लोगों के मध्य घूम रहे हिंदु मुस्लिम जनसंख्या के फर्जी आंकड़ों पर वस्तुस्थिति स्पष्ट कर समाज में फैलाये जा रहे नफरती माहौल को रोकने की दिशा में सख्त कदम उठाना चाहिये बिस्सा ने कहा कि आज आजादी के 77 साल बाद देश की जनसंख्या लगभग 150 करोड है जिसमें से अनुमानित 125 करोड हिंदू व अन्य व 25 करोड मुसलमान है । इस तरह हिंदू 100 करोड ज्यादा है । एक सामान्य सा आंकलन करें तो हिंदुओं व अन्य की जनसंख्या जो आजादी के समय मुस्लिमों से सिर्फ 20 करोड से ज्यादा थी वो आज बढ़कर अब 100 करोड ज्यादा हो गई है । जबकि प्रचारित किया जा रहा है कि हिंदुओं की संख्या कम हो रही है।

# मतगणना के बाद आएगी सरकारी कार्यों में गति

## आचार संहिता के कारण शासकीय कार्यालय में फाइलों का लगा अंबार

**मुख्य नगर संवाददाता**

रायपुर, 10 मई। लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण मंत्रालय से लेकर जिला कार्यालय तक फाइलों का अंबार लगा हुआ है। मुख्य निर्वाचन आयोग कार्यालय नीतिगत मामलों पर शीघ्र निर्णय लेगा। लोक निर्माण, ग्रामीण व पंचायत विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों को रोका नहीं जाएगा।

शासन के विभिन्न विभागों में कई महत्वपूर्ण फाइलें लंबित हैं। इसका प्रमुख कारण प्रमुख सचिवों को बतौर आब्जर्वर अन्य पदेशों में भेजा गया है। इनमें चिकित्सा-शिक्षा आयुक्त व अन्य अधिकारी भी शामिल हैं। उनके बदले लिंक ऑफिसर काम कर रहे हैं। जिलों में कलेक्टर फिलहाल चुनाव कार्य संपादित कर रहे हैं। 4 जून को मतगणना है। शीघ्र ही गणना का प्रशिक्षण चयनित कर्मचारियों को दिया जाएगा। आब्जर्वर भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। फिल्हाल राजस्व विभाग में पेशी की तिथि बढ़ाई जा रही है। तहसील कार्यालयों में नामांकन, बटांकन एवं भूमि के नाप-जोख सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निपटारा नहीं हो पा रहा है। तहसील कार्यालय से लेकर जिलाधीश कार्यालय तक यही स्थिति बनी हुई है। किसान तारीख बढ़ाए जाने से परेशान हैं। इस समय वित्त विभाग के पास भी अनेक कार्यों को लेकर फाइल लंबित हैं। वित्त विभाग सिर्फ रुटीन के कार्यों की ही स्वीकृति प्रदान कर रहा है। लोक निर्माण, नारडा, सिंचाई तथा ग्रामीण विकास विभाग में पूर्व स्वीकृत कार्यों को अनुमति दी जा रही है। नए काम रोक दिए गए हैं। नगर निगम में सड़क का डामरीकरण, नाली निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था जैसे जरूरी काम की अनुमति दी जा रही है।

### स्थानांतरण के प्रस्ताव लंबित

सरकार बदलते ही मंत्रियों एवं विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में कार्यरत शासकीय कर्मियों को हटाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। सबसे ज्यादा स्थानांतरण के प्रस्ताव गृह विभाग के अधीन आने वाले सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर के हैं। शासन के नियमानुसार अब इनका स्थानांतरण स्थापना बोर्ड द्वारा किया जा सकता है। इसलिए मुख्यमंत्री पर दबाव डालकर विधायक एवं मंत्री अपना प्रस्ताव अमल में लाना चाहते हैं। शिक्षा तथा उच्च शिक्षा विभाग में वर्षों से जमे एलबी-1, 2 व व्याख्याता तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को हटाने की कवायद जारी है। चुनाव की घोषणा में विलंब होने के कारण शिक्षा मंत्री ने जिला शिक्षा अधिकारियों की एक लंबी सूची जारी कर दी है जिसमें करीब 20 से अधिक जिला शिक्षा अधिकारी प्रभावित हुए हैं। अब उच्च शिक्षा में विभिन्न जिलों के विधायक एक ही स्थान पर कार्यरत सहायक प्राध्यापकों को हटाने की जुगत लगा रहे हैं। राजस्व विभाग में पटवारियों, नायब तहसीलदारों, तहसीलदारों के स्थानांतरण के प्रस्ताव बड़ी संख्या में बनाए गए हैं। नगरीय निकाय विभाग में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा उपअभियंताओं की सूची जारी हो चुकी है। खाद्य विभाग के अलावा अन्य विभागों की स्थानांतरण सूची बनाने की कवायद चल रही है। समझा जाता है कि 4 जून को परिणाम आने के बाद सरकार स्थानांतरण पर से प्रतिबंध हटा सकती है। नई सरकार नई ट्रांसफर नीति बनाने के पश्चात स्थानांतरण पर से प्रतिबंध हटाएगी।

### रेडी-टू-ईट का फैसला प्रभावित

महिला एवं बाल विकास विभाग में रेडी-टू-ईट कार्यक्रम के तहत पोषण आहार के निर्माण कार्य महिला स्वसहायता समूहों को दिया जाना है। इसकी घोषणा महिला एवं बाल विकास मंत्री पहले ही कर चुकीं हैं। आचार संहिता लागू होने के कारण इस पर कोई अमल नहीं हो पा रहा है। आबकारी विभाग में देशी-विदेशी मदिरा समूहों की दुकानों में आहाता खोलने की अनुमति लंबित है। सरकार की नीति के अनुसार देशी-विदेशी मदिरा समूहों में आहाता का काम ठेके के आधार पर दिया जाएगा। पिछले दिनों यह काम अवैध तरीके से चल रहा था जिसके कारण सरकार को राजस्व को क्षति हुई है। इसका कार्य विधिवत देने से आपराधिक कार्य होने पर ठेकेदारों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार विकास एवं निर्माण कार्य को लेकर कई ठेकेदार कोर्ट की शरण में चले गए हैं जिसके कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। मंत्रालय में मंत्री भी नहीं आ रहे हैं। चुनाव प्रचार में व्यस्त होने के कारण नगरीय निकाय, गृह विभाग, उच्च शिक्षा तथा नागरिक आपूर्ति के आवश्यक कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

# अक्षय तृतीया पर गुलजार रहीं ज्वेलरी की दुकानें

■ गृह प्रवेश हुए, सोने-चांदी की जमकर खरीदी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 10 मई।** अक्षय तृतीया के शुभ मुहुर्त पर आज बड़ी संख्या में गृह प्रवेश हुए तथा सोने-चांदी की जमकर खरीदारी लोगों ने की। शादी का इस बार मुहुर्त नहीं है लेकिन अक्षय तृतीया को शुभ लग्न मानकर लोग शादियां करवा रहे हैं। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म होने के कारण आज परशुराम जयंती भी धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। गुढ़ियारी तथा डंगनिया में विशेष कार्यक्रम किए गए हैं। आशीर्वाद हॉल में हवन-पूजन के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

राजधानी में आज गुड्डा-गुड़ियों की शादी बड़ी संख्या में की गई। आमापारा, शीतला मंदिर, गोलबाजार सहित अन्य बाहरी क्षेत्रों में आधुनिक गुड्डा-गुड़ियों की जमकर बिक्री हुई। समय के साथ सूट-टाई पहने गुड्डा की डिमांड जबरदस्त बनी हुई है। अक्षय तृतीया पर दान देने की प्रथा है इसलिए मंदिरों घड़ा-सुराही तथा अन्न का भी दान लोगों ने किया।

### दसवीं-बारहवीं के टॉपर्स से सीएम ने की चर्चा

**रायपुर 10 मई।** श्री साय ने बच्चों से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी पूछा। अपने मुख्यमंत्री से सीधे वीडियो काल पर जुड़े भावविभोर बच्चों में से किसी ने आईएएस बनने, तो किसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, तो किसी ने बैंकिंग सेक्टर में जाने की योजनाएं बताई। सीएम साय ने उनकी हर मनोकामना पूरी होने की कामना की और उन्हें लगातार परिश्रम करते रहने को कहा। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों सहित उनके अभिभावकों और गुरुजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि कल छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किये। जिसमें दसवीं में क्रमशः जशपुर की सिमरन शब्बा, गरियाबंद की होनिशा और जशपुर के ही श्रेयांश यादव टॉप थ्री में रहे।

# कैट टीम ने अग्निशमन विभाग के निर्देशक से की मुलाकात

**रायपुर 10 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट टीम ने अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम कार्यशाला का आयोजन हेतु अग्निशमन विभाग के निर्देशक श्री अजातशत्रु बहादुर सिंह जी (भा.पु.से.) से सौजन्य मुलाकात किया। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कैट टीम ने अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम कार्यशाला का आयोजन हेतु अग्निशमन विभाग के निर्देशक श्री अजातशत्रु बहादुर सिंह जी (भा.पु.से.) से सौजन्य मुलाकात किया। उपरोक्त कार्यशाला में शहर के सभी व्यापारिक एवं उद्योग संगठनों के



पदाधिकारी उपस्थित रहेगें। कार्यशाला में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अग्निशमन दुर्घटना में जनजागरण सुरक्षा संबधी जानकारी का प्रदर्शन करके दिखाया जायेगा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अग्निशमन विभाग के निर्देशक श्री अजातशत्रु बहादुर सिंह जी (भा.पु.से.) होगें। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे कहा कि अभी गर्मी चल रही है, जिससे कि दुकानों में आग लगने की घटनाऍं बढ़ जाती है। इस प्रकार के दुर्घटना से कैसे बचा जा सकता है।

# भारतीय जनता पार्टी 2047 तक विकसित भारत की कल्पना कर रही: विजय शर्मा

**रायपुर 10 मई।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने चमड़ी के आधार पर भारतीयों को गाली दी है। श्री शर्मा ने कहा कि नाम से भले ही वह सैम पित्रोदा हों, पर नस्ल और रंग भेद को लेकर उनके ताजा बयान के बाद उन्हें %शेम% पित्रोदा नाम से देश जानेगा। श्री शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कई घटनाएं हैं जिसमें कांग्रेस पार्टी जुड़ी हुई है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के किसी हिडन एजेंडा को आगे लाने के लिए उनको बोलना होता है। शायद कांग्रेस पार्टी टेस्टिंग करती है कि इस पर क्या प्रतिक्रिया आ रही है? पित्रोदा द्वारा दिए गए बयान ने एक बार फिर भारत के नेता महात्मा गांधी के साथ हुए साउथ अफ्रीका में भेदभाव की घटना को याद दिला दिया है। गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी को



इसलिए ट्रेन से उतार दिया गया था, क्योंकि उनका चमड़ी का रंग अलग था। हम सभी भारतीयों को इस बात को समझना होगा। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2047 तक विकसित भारत की कल्पना कर रही है और इस कल्पना में है कि कैसे देश को आगे बढ़ाया जाए? भारत देश को समूचे विश्व के मानचित्र में सबसे ऊंचा बिठाया जाए, सशक्त भारत बनकर सामने आए और वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जो नस्ली भेद के आधार पर राजनीति करना चाहती है। कांग्रेस भारत को अलग-अलग दिशाओं में बाँटकर बात करती है। कांग्रेस पार्टी को यह कहीं नहीं दिखता कि उत्तर से दक्षिण तक भारत एक है और हम सब भारतीय हैं।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भारत उत्तर पूर्व से कितना जुड़ा हुआ है, इसका वर्णन महाभारत काल में भी है। आज के युग में इस तरह की बातें करना और इस पर तर्क देना बेमानी है। इसकी कतई आवश्यकता नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि पित्रोदा ने जो कहा है उसके लिए उन्हें देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी में अभी इस्तीफा देने और निष्कासित करने का स्वांग चल रहा है।

कांग्रेस को सैम पित्रोदा का आजीवन निष्कासन करना चाहिए। इससे कम कुछ नहीं हो सकता। भारतीय जनमानस कांग्रेस पार्टी को कभी माफ करने वाली नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि वह एक्सीडेंटल हिंदू हैं। इसका क्या मतलब हो सकता है? पंडित नेहरू को हिंदू होना पसंद नहीं था? उन्हें कुछ और होना पसंद था। कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मामले को लेकर भी कहा था कि भगवान श्री राम काल्पनिक हैं।

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदले जाने का कांग्रेस विरोध करेगी:दीपक बैज

**रायपुर 10 मई।** स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदले जाने का कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद जी छत्तीसगढ़ में जन्में एक विद्वान संत और विश्वविख्यात आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे और इसीलिए कांग्रेस की सरकार ने इस योजना का नाम उनके नाम पर रखा था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनके नाम को हटाना चाहती है। शासन की ओर से 'स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना' का नाम बदलकर 'पीएमश्री' करने का आदेश जारी किया गया है, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों की सहमति लेने की



कोशिश हो रही है। कांग्रेस पार्टी की ओर से हम सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील करते हैं कि सरकार की ओर से इस तरह का कोई प्रस्ताव आता है तो इसका लिखित और मुखर विरोध करना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ की धरोहर थे। भाजपा सरकार उनके नाम को सिर्फ इसलिये बदलना चाहती है कि उनके नामों को पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया था। छत्तीसगढ़ के एक विश्वविख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति के नाम पर चल रही योजना का नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्कत होने लगी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ की विभूति है, उनके नाम से जो स्कूल चालू किया गया था यह स्कूल एक महत्वकांक्षी योजना के तहत शुरू किया गया था। गरीबों के बच्चों को मुफ्त अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दी गयी और उसके सार्थक परिणाम भी सामने आये। 10 वी और 12 वी में 75 फीसदी से अधिक बच्चे प्रवीण्य सूची में आये। ऐसे में स्कूल का नाम दलीय दुर्भावना से बदला जाना दुर्भाग्यजनक है। भारतीय जनता पार्टी के इन स्कूलों के सामने पीएम श्री लगायेगी। प्रधानमंत्री का या केन्द्र सरकार का इन स्कूलों के स्थापना में क्या योगदान है? पिछले 5 महीनों से इन स्कूलों के शिक्षकों को वेतन क्यों नही दिया जा रहा है सीधे-सीधे इन स्कूलों को बंद करने की साजिश भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

## आवश्यकता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789



# इन्हें कानून का भी खौफ नहीं

**रायपुर 10 मई।** नवा रायपुर में बाइकर्स का आतंक छाया हुआ है। खाली सड़कें देख नवा रायपुर की सड़कों पर बाइकर्स स्टंट करते नजर आते हैं। इन्हें न तो कोई पुलिस का खौफ है और न ही अपनी और दूसरों की सुरक्षा की फिक्र है। नवा रायपुर के राखी थाना इलाके में ऐसे ही बाइकर्स स्टंट करते नजर आए है। जिसका वीडियो सामने आया। आपको बता दें कि ये बाइकर्स बिना सेफ्टी उपकरणों के बेखौफ होकर खतरनाक स्टंट करते नजर आते हैं। न सिर्फ राजधानी रायपुर के बल्कि आस पड़ोस के दुर्ग, भिलाई और महासमुंद समेत पड़ोसी जिलों से आकर बाइकर्स स्टंट करते हैं।वीडियो में स्टंट के दौरान एक बाइकर की जान बाल-बाल बची । इन्हे अपनी जान की फिक्र भले न हो लेकिन जो लोग छुट्टी के दिन फैमली के साथ घूमने जाते हैं ऐसे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### फर्टिलिटी चेन का अधिग्रहण

**रायपुर 10 मई।** सी.के.बिरला ग्रुप की कंपनी और भारत के अग्रणी आई.वी.एफ नेटवर्क बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने ए.आर.एम.सी आई.वी.एफ फर्टिलिटी चेन का अधिग्रहण किया है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के फिलहाल देशभर में 30 सेंटर्स है और मौजूदा अधिग्रहण के बाद इसका विस्तार दक्षिण भारत में केरल, कर्नाटक एवं तमिलनाडु में हो जाएगा। अधिग्रहण के बाद, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के कुल 37 सेंटर्स हो जाएंगे। इस अधिग्रहण के साथ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ देश में फर्टिलिटी समाधान ढूंढ़ रहे दंपत्तियों के लिए अग्रणी और भरोसेमंद पार्टनर के तौर पर अपनी पहचान को और मजबूत करेंगे। बिरला ग्रुप के अस्पताल कोलकाता, जयपुर, गुरुग्राम और दिल्ली में हैं जो अत्याधुनिक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर एवं टैक्नोलॉजी से लैस हैं। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ भारत की सबसे तेजी से बढ़ता हआ ब्रैंड है जो श्रेष्ठ सेवा व सर्वश्रेष्ठ परिणाम के लिए जाना जाता है । इस मौके पर, अवंति बिरला, संस्थापक, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, सी.के.बिरला हैल्थकेयर ने कहा, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ में, हम 'श्रेष्ठ सेवा, सर्वश्रेष्ठ परिणाम' के सिद्धांत का पालन करते हुए, गर्भधारण के विज्ञान के साथ केयर का मेल कराते हैं। हम दंपत्तियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर, फर्टिलिटी स्पेश्यलिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट व काउंसलर की सेवाएं एक छत के नीचे प्रदान करते हैं।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26